हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 23 अप्रैल 2025



तापमान

अधिकतम 43.5 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

12 शहर के अवैध कब्जों पर चला निगम का बुलडोजर



13 पथरिया के युवाओं ने किया भाजपा प्रवेश



छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 100 गुना ज्यादा, एच 2 एस बैक्टीरिया भी

### केमिकलयुक्त पानी वाले छह वार्डों की जांच रिपोर्ट में खुलासा

*छह वार्डों में केमिकलयुक्त पानी की शिकायत की जांच भिलाई निगम ने करवाई। जांच रिपोर्ट में चौकाने वाले खुलासे के बाद निगम के अफसरों व जिम्मेदार लोगों ने चुप्पी साधे रखी। रिपोर्ट के मुताबिक बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 100 गुना ज्यादा पाई गई है। ईकालीफार्म व एच 2 एस जैसी बैक्टीरिया पानी में मिला है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि मुद्दा

22 चिहिंत स्थानों से निगम की टीम ने पानी के सैंपल जुटाए और इसकी जांच अपने लैब में करवाई। 7 जुलाई 2024 की रिपोर्ट हरिभूमि को प्राप्त हुई है। इस रिपोर्ट के हिसाब से 11 स्थानों का बोर का पानी पीने लायक नहीं हैं। डॉक्टरों के हिसाब से ऐसे पानी पीना लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। निगम का दावा है कि इस रिपोर्ट के बाद ये सभी बोर का उपयोग बंद करवा दिया गया है।



वार्ड–40 में इस हैंडपंप से अब भी लाल रंग का पानी आता है।

**ये है केमिकलयुक्त पानी की हकीकत**

### इन स्थानों पर टीडीएस की मात्रा 100 गुना से ज्यादा पाया गया

वार्ड क्रमांक 46 दुर्गा मंदिर पंप हाउस- इस स्थान पर टीडीएस की मात्रा 4769 आया है। इसी वार्ड के मोहम्मद मुमताज घर के बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 3900 पाई गई। शिशुपाल हरिजन पारा जैतखाम नया बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 1002 मिला। बी चिन्ना बाबू बोर का पानी में टीडीएस की मात्रा 2661 रही। यहां के पार्षद के जगदीश के बोर के पानी की भी जांच की गई। जांच में पार्षद के घर का बोर में 2862 टीडीस मिला। बी कुमार स्वामी का बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 3208 रही। गणेश मंदिर के पास के बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 790 की पाई गई।

### यहां पानी की जांच नहीं ईकाली फार्म व एच 2 एस बैक्टीरिया मिले

निगम की टीम ने वार्ड क्रमांक 42 गौतम नगर में टी तिरूपति राव पाईप लाइन के पानी की जांच की गई। जांच में यहां के पानी में एच 2 एस बैक्टीरिया पाया गया। इसी वार्ड के टी दिलेश्वर राव पाईप लाइन के पानी की जांच में एच 2 एस व ईकाली फार्म बैक्टीरिया मिला। गौतमनगर शीतला मंदिर पंप हाउस के पानी में ईकालीफार्म व एच 2 एस बैक्टीरिया पाया गया है। गौतमनगर जय लक्ष्मी पाईप लाइन के पानी में भी ईकालीफार्म एव एच 2एस बैक्टीरिया पाया गया है। रिपोर्ट में ये सभी जगह का पानी पीने योग्य नहीं माना गया है।

### एक्सपर्ट व्यू- डॉक्टर से जानिए पानी में बढ़े हुए टीडीएस से शरीर को नुकसान



डॉ. अनिल अग्रवाल पूर्व चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल बताते हैं कि एक लीटर पानी में टीडीएस की मात्रा 900 मिलीग्राम से ज्यादा नहीं होना चाहिए। ऐसा पानी पीने योग्य नहीं होता। ईकालीफार्म व एच 2 एस बैक्टीरिया से कई तरह के रोग होते हैं और ये शरीर को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। इस तरह के पानी का सेवन करने से गुर्दे में पथरी, पेट दर्द, पीलिया, डायरिया जैसी बीमारी की शिकायतें शुरू हो जाती है। ये बीमारी यदि बढ़ गई तो जानलेवा भी हो सकती है। जिस बोर या हैंडपंप से खनिजयुक्त, केमिकलयुक्त पानी निकलता हो उसे प्रतिबंधित करना जरूरी है।

### वार्डवासियों का दर्द सुनने वाला कोई नहीं

#### सालों से झेल रहे समस्या



सालों से केमिकलयुक्त पानी की समस्या झेल रहे हैं। हेंडपंप मेरे घर के सामने ही लगा है। लेकिन इसमें लाल रंग का पानी निकलता है। इसलिए इसका उपयोग नहीं कर पाते। मोहल्ले भर के लोग इसी तरह की समस्या उठा रहे हैं। शिकायत करते थक चुके हैं।

**-लक्ष्मी शाह**, वार्ड क्रमांक 40

#### शिकायत के बाद हैंडपंप बंद



निगम में शिकायत के बाद जांच की और केमिकलयुक्त पानी वाले बोर व हैंडपंप बंद करवा दिए है। तभी से टैंकर और मंगलबाजार के बोर से पानी ले रहे हैं। निगम का पानी केवल एक समय सुबह ही मिलता है। शाम को बोर से पानी ले रहे हैं।

**-हरिचंद**, वार्ड क्रमांक 40

#### पी नहीं सकते बोरिंग का पानी



बोरिंग का पानी पी नहीं सकते। शंकरनगर पानी टंकी से पानी नलों में आ रहा है। केवल एक समय ही पानी दे रहे हैं। सुबह पाली में पानी एकत्र कर रखना पड़ता है। जिसे पूरे दिन व शाम-रात तक उपयोग में लाते हैं। बड़े परिवार में स्टोर पानी पूर्ण नहीं हो पा रहा है। शिकायतें मोहल्लेवासी कर चुके, समस्या नहीं सुलझी।

**-प्रभा सोनी**, वार्ड क्रमांक 40

# नशे में धुत युवकों ने समोसा दुकान संचालक व भाई पर खौलता तेल उड़ेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नशे में धुत दो युवक समोसा दुकान में पहुंचे। जहां पर समोसा खाकर उल्टे संचालक से दंबगई दिखाने लगे। जब संचालक परेशान होकर युवकों से पैसा नहीं देने की बात कर विदा कर दिया। लेकिन युवकों की दंबगई इतनी थी कि समोसा बनाने के लिए रखे खौलते तेल को संचालक और उसके भाई पर उडेंल कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर डॉयल 112 मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बैकुंठधाम में स्थित बाहुबली नामक एक समोसा की दुकान है। जिसका संचालक दीपक कुमार है। रोज की भांति मंगलवार की शाम समोसा का दुकान लगाई थी। इस दौरान दो अज्ञात युवक पहुंचे और दीपक से समोसा का डिमांड किया। समोसा देने के बाद संचालक को रुपए नहीं दिया। बल्कि उससे गाली गलौज मारपीट करने पर उतारु हो गए। परेशान संचालक अपने भाई को घटना की जानकारी देकर घटनास्थल पर बुलाया। नशेड़ी युवकों को समासा का पैसा नहीं देने की विनती कर जाने को कहा लेकिन दोनों युवकों ने समोसे का खौलते तेल को संचालक और उसके भाई पर उड़ेल दिया। दीपक और उसका भाई बुरी तरह झुलस गए है। जिनका उपचार अस्पताल में जारी है।




## खबर संक्षेप

### एसपी विजय ने किया पदभार ग्रहण



**भिलाई।** नए एसपी विजय अग्रवाल ने मंगलवार देर शाम अपना पदभार ग्रहण किया है। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही जिले के बारे में बातचीत भी की। इसके अलावा मौजूद अधिकारियों का परिचय भी लिया। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, हरिश पाटिल, डीएसपी अलेक्स जेंडर किरो, अजय सिंह, हेम प्रकाश नायक समेत पुलिस अफसर मौजूद थे।

### अज्ञात का शव मिला

**भिलाई।** महमारा एनिकेट के मुक्तिधाम शेड के पास अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। शव को कोतवाली दुर्ग पुलिस ने जिला अस्पताल के मरचूरी में भेज दिया। पुलिस वारिसनों की तलाश में जुटी हुई है. कोतवाली प्रभारी विजय यादव ने बताया कि सोमवार की सुबह 7 बजे एनीकेट के मुक्तिधाम के शेड के पास अज्ञात युवक का शव मिला। जिसकी उम्र 40 वर्ष है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### मकान में चोरी

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर शादी समारोह में शामिल होने गए परिवार के मकान में चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 35 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड 9 गिरधारी नगर दुर्ग निवासी महावीर गौड शिक्षा विभाग की कर्मी है। मकान में ताला जड़कर परिवार समेत ग्राम तरंपोगी जिला रायपुर शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वापस दूसरे दिन मकान में पहुंचने पर ताला टूटा पड़ा मिला। आलमारी का लॉक टूटा हुआ था। भतीजी लुभावनी ठाकुर उपचार के लिए शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी में भर्ती है। मां शकुन बाई और पीड़ित का नगदी रकम, सोने का पुरानी जेवरात कीमत 4 हजार रूपये आंकी गई है।

# गांजा तस्करी करते पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- 7.055 किलो ग्राम गांजा जब्त भिलाई नगर पुलिस की घटना

गांजा तस्करी करते पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि उड़ीसा से गांजा लेकर भिलाई नगर पहुंचने वाले तीन युवक और दो लोकल तस्करों को पड़ा गया है। आरोपियों में सेक्टर 9 अस्पताल सेक्टर सड़क 10, क्वाटर 4 निवासी सोनु ठाकुर, वार्ड 17 मिलपारा बस स्टैंड उतई सोम चंदेल, मकान नं. 104 मानीकेरा पोष्ट मानीकेरा रामपुर जिला कालाहाण्डी उडीसा दिलीप चंद भोई, प्रेमराज कुमुरा, कोदड़धर पात्रा है। आरोपियों के पास से 7 अलग अलग पैकेटो मे रखे 07.055 किलोग्राम गांजा, नगदी 2400 रुपये ,एक कार , 6 मोबाईल फोन , इलेक्ट्रानिक तौल मशीन जब्त किया गया है। सामानों की कीमत 1 लाख 35 हजार आंकी गई है। थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा अपनी टीम के साथ आरोपियों को पकड़ने निकले थे। मुखबिर की सूचना पर सोनु ठाकुर अपने साथियों के साथ एक सफेद रंग की कार सीजी 07 जेड डी 3848 में गांजा की खरीदी बिक्री करने सेक्टर 7 भिलाई के पास एकत्र हुए। पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर कार सवार सोनु ठाकुर , सोम चंदेल, दिलीप भोई , प्रेम राजकुमुरा, कोडरधर पात्रो को पकड़ लिया।



### रुके थे हिसाब किताब के लिए

पुछताछ करने पर आरोपियों ने पुलिस को बताया कि कोदड़धर पात्रा अपने साथी प्रेमराज कुमुरा एवं दिलीपचंद भोई के साथ मिलकर गांजा को अलग अलग थैले मे रखकर ट्रेन से भिलाई नगर रेलवे स्टेशन लाया करते थे। जिसे सोनू ठाकुर, सोम चंदेल आकर कार से उतई लेकर जाते थे। जिसके बाद उतई, भिलाई में तस्करी का काम किया करते थे। आरोपियों द्वारा उड़सिा से लाए गए गांजा कार मे रखकर रेलवे स्टेशन भिलाई नगर के पास बैठकर खरीदी बिक्री का हिसाब किताब करने के लिए रुके थे। आरोपियों से पुलिस ने एटीएम कार्ड, पेन कार्ड, इलेक्ट्रानिक तौल मशीन भी जब्त किया है।




## मौसम विभाग ने जारी किया दुर्ग का लू एलर्ट

# पारा हुआ 43 डिग्री पार, स्कूलों में 25 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी सहित पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी शुरू हो गई है। पिछले दो दिनों से पारा 42 डिग्री पहुंच गया था लेकिन मंगलवार को यह 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। हालात को देखते हुए प्रदेश सरकार ने 25 अप्रैल से सभी स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया है। पहले 1 मई से स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था लेकिन अब 25 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ हो जाएगा और 15 जून तक रहेगा। 16 जून से स्कूल फिर से नए शिक्षण सत्र के लिए खोल दिए जाएंगे। सरकारी , गैर सरकारी, अनुदान प्राप्त व गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों में भी यह आदेश लागू होंगे। इस तरह बच्चों को गर्मी से काफी राहत मिलेगी।

### छोटे बच्चों को भारी राहत

दुर्ग जिले में 1500 सरकारी और 590 निजी स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में करीब 8 लाख विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। निजी स्कूल वाले नर्सरी से लेकर पाचंवी कक्षा के बच्चों तक की क्लास लगा रहे हैं। पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के बच्चों को समर कैंप के नाम पर विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रही है। प्रदेश सरकार के आदेश से सबसे ज्यादा राहत छोटे बच्चों को मिलेगी जो नर्सरी और प्राइमरी क्लास के हैं। ऐसे बच्चे तेज गर्मी की वजह से बीमार पड़ने लगे थे।



### पारा 43 डिग्री पार, लू एलर्ट जारी

पिछले तीन दिनों से तापमान लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सुबह से ही तेज धूप होने लगी है। दोपहर तक ये गर्मी लोगों को झुलसा दे रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक भिलाई दुर्ग का मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। यह सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौजूदा हालात को देखते हुए मौसम विभाग ने लू एलर्ट जारी किया है। दुर्ग जिले में आने वाले तीन दिनों में लू चलेगी।

**इसलिए लू के हालात:** मौसम विज्ञानी डॉ एचपी चंद्रा बताते हैं कि एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बिहार के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम विहार से छत्तीसगढ़ होते हुए मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 23 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा।

## खबर संक्षेप



### अवैध मदिरा के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग। गश्त के दौरान आबकारी विभाग के वृत भिलाई क्रमांक 2 के अन्तर्गत पोलसाय पारा वार्ड नंबर 27 में अवैध शराब के परिवहन की सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर एक सफेद रंग के सेंट्रो कार क्रमांक सीजी 04 एचए 1585 में 150 नग पाव गोवा फार सेल इन मध्यप्रदेश मदिरा जप्त किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी सुधाकर बनवासी आत्मज विश्वनाथ उम्र 48 वर्ष, निवासी संतरा बाड़ी वार्ड 26 थाना मोहन नगर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34, 2 एवं 36 के तहत प्रकरण दर्ज कर सुप्रिया शर्मा सहायक जिला आबकारी अधिकारी द्वारा आरोपी को जेल दाखिल कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी पंकज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक प्रियंक ठाकुर, आरक्षक संदीप तिर्की, आरक्षक चितेश्वरी ध्रुव, गार्ड अमित कुमार पटेल, खोमेंद्र देशमुख, ड्राइवर दुर्गा साहू का योगदान रहा।

### अंडर 11 शतरंज स्पर्धा के विजेता बने प्रांजल



दुर्ग। जगदलपुर स्पोर्ट्स क्रॉनिकल जिला शतरंज संघ बस्तर के सहयोग से चेस कॉम द्वारा जगदलपुर में 19 एवं 20 अप्रैल को आयोजित अंडर 11 अंडर 15 एवं ओपन वर्ग की शतरंज स्पर्धा में अंडर 11 आयु वर्ग में भिलाई के प्रांजल सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रांजल सिंह को तीन हजार रुपए नगद, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रांजल सिंह केपीएस स्कूल नेहरू नगर के छात्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता पंकज सिंह, जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एसके भगत, दिनेश नालोडे, मोरध्वज चंद्राकर, अजय राय, सहसचिव संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी आदि ने बधाई दी है।प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 25 अप्रैल को

### हाईकोर्ट से मिली उद्योगपति संगीता केतन शाह को राहत

दुर्ग। हाईकोर्ट बिलासपुर में सिम्पलेक्स कास्टिंग लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर संगीता केतन शाह की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकृत कर ली है। कोर्ट के आदेश के बाद उद्योगपति संगीता को बड़ी राहत मिली है। पुलगांव पुलिस ने 7 अप्रैल को धारा 420 के तहत संगीता के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध किया था। हाईकोर्ट के अधिवक्ता बीपी सिंह ने बताया कि संगीता केतन शाह की अग्रिम जमानत याचिका तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश जिला दुर्ग ने 9 अप्रैल 2025 को खारिज कर दी थी तब उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई। 21 अप्रैल को उच्च न्यायालय ने संगीता केतन शाह की जमानत याचिका स्वीकार कर लिया है। अधिवक्ता बीपी सिंह ने बताया कि इस प्रकरण के प्रार्थी विशाल केजरीवाल 3 साल तक पावर ऑफ़ अटॉर्नी लेकर भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं करा सका, उल्टे एक करोड़ के बदले 55,10,000 रकम वह अपने अन्य संस्थान के नाम पर प्राप्त कर चुका है। ज़मीन में जाने पर्याप्त रोड रास्ता भी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के आदेश से दिया गया है और इस बात को छिपा कर उसने एफआईआर कराया था। इसके साथ ही संगीता केतन शाह ने उच्च न्यायालय में धारा 482 सीआरपीसी के तहत याचिका पेश किया है ताकि एफआईआर रद्द किया जाए। इस मामले में भी विशाल केजरीवाल को उच्च न्यायालय द्वारा नोटिस जारी की गई है। प्रकरण का महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है की विशाल केजरीवाल के पिता ने भी अधिवक्ता के माध्यम से जमानत आवेदन को खारिज करने सुपेला थाने में आवेदन दिया था।

# घर तक जल पहुंचाने और हैंडओव्हर करने के बाद ही होगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदारों को तब ही राशि का भुगतान किया जाएगा। जब उनके द्वारा हितग्राही के घर तक जल पहुंचा जाएगा। यही नहीं उन्हें काम पूरा होने का सर्टिफिकेट दिए जाने से पहले देखा जाएगा कि, ठेकेदारों ने ग्राम पंचायत को मिशन का कार्य हैंडओव्हर किया हैं या नहीं। राज्य शासन के इस कडे शर्त से पिछले लंबे समय से राशि भुगतान का इंतजार कर रहे ठेकेदारों में खलबली मच गई है।

पाइप लाइन बिछाने के बाद बिल लगाने वाले ठेकेदारों को साफतौर पर कह दिया गया है कि, पाइप लाइन बिछाने के बाद टंकी भरने तक का कार्य पूरा करना होगा। बहरहाल जिले में सिंगल विलेज के तहत किए गए कार्यो का ठेकेदारों को भुगतान हो चुका हैं। जबकि समूह जल योजना के तहत गांव में पाइप लाइन बिछाने वाले ठेकेदार राज्य शासन के कडे निर्देश के जाल में फंस गए है।

ठेकेदारों का कहना है कि, समूह जल योजना के तहत नदी से पानी लाने का प्रावधान किया गया है। ऐसे में विभाग के अधिकारी ठेकेदारों को बोरवेल्स कर पानी की उपलब्धता करने दबाव बना रहे हैं। ठेकेदारों का कहना हैं कि, शर्त में सिर्फ पाइप लाइन बिछाने का अनुबंध था। जबकि पानी लाने के लिए अलग से प्रोजेक्ट तैयार किए गए है।

## जल की उपलब्धता के बाद ग्राम पंचायत को करना होगा हैंडओव्हर

### काम पूरा होने पर 70 फीसदी भुगतान

राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि, ठेकेदारों द्वारा घर तक जल लाने के बाद सत्यापन किया जाएगा। जिसके बाद 70 फीसदी राशि का भुगतान किया जाएगा। इसके लिए ठेकेदारों को बोरवेल्स व अन्य किसी भी विकल्प के तहत पानी उपलब्ध कराने की बात कही जा रही हैं। बडी परेशानी यह है कि, बाकी के तीस फीसदी राशि समूह योजना का प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद जारी किए जाने की शर्त रखी गई है। सूत्रों ने बताया कि, राज्य शासन ने राशि भी जारी कर दी है। लेकिन शर्त के चलते ठेकेदारों को भुगतान अभी भी अटका हुआ है।



### विभाग का दावा, दो दर्जन ने कराया बोर

पीएचई विभाग के ईई उत्कर्ष पांडे का कहना है कि, राज्य शासन के निर्देश के बाद करीब बीस से अधिक गांव में ठेकेदारों ने बोरवेल्स भी कराया है, जहां पानी की सुविधा कराई गई हैं। बताया गया कि, समूह योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने ठेकेदारों को जिले में करीब तीस करोड का भुगतान बकाया है। उल्लेखनीय है कि, सात गांव जहां ड्राई क्षेत्र है, वहां नदी से पानी लाने समूह जल योजना लागू की गई है। निकुम, जेवरा सिरसाखुर्द भटगांव, अंजोरा ढाबा, मोतीमपुर, ओदरागहन सुरपा और कौही रानीतरई के इलाके ड्राई है। यहां गर्मी में तेजी से जलस्तर गिरता है। इन सभी गांव में नदी से इंटकवेल बनाकर गांव तक पानी पहुंचाने की योजना है।

## नई व्यवस्था : 2019 के पहले के सभी वाहनों के बदले जा रहे नंबर प्लेट

# हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने वेटिंग में 16 हजार वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वर्ष 2019 के पहले खरीदे गए सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगाए जाने की अनिवार्यता ने वाहन चालको की नींद उडा दी है। सबसे बडी समस्या पुराने आरसी बुक में दर्ज मोबाइल नंबर बदले जाने के कारण समस्या आ रही है। ऐसे में वाहन चालको को वर्तमान में जारी मोबाइल नंबर लिंक कराने के लिए दौड लगाने पड रही है। बहरहाल आनलाइन प्रक्रिया के तहत वाहन में नंबर लगाने के आवेदन करने के बाद एक माह की वेटिंग में रखा जा रहा है।

जानकारी अनुसार अब तक 16 हजार से अधिक वाहन चालक वेटिंग में है। आरटीओ अधिकारियों ने बताया कि, अब तक जिले में 35162 टू और फोर व्हीलर वाहनों में नंबर लगाने आर्डर हो चुके है। इसमें करीब 11 हजार वाहन चालको ने नंबर भी लगा लिया है। वही सोलह हजार वेटिंग में हैं, उन्हें आनलाइन आवेदन करने के बाद एक माह के आगे की तारीख दी जा रही है। अफसरों ने बताया कि, एक माह बाद पंजीयन होगा और तत्काल रसीद जारी की जाएगी। आवेदन के समय निर्धारित फीस जमा किए जा रहे हैं। बहरहाल सबसे बडी समस्या मोबाइल नंबर को लेकर सामने आ रही है। वाहन चालक इस असमंजस में हैं कि, हाई सिक्योरिटी नंबर कहां लगाने हैं और आरसी बुक में मोबाइल नंबर कैसे लिंक करे। इसके लिए वाहन चालक जहां सिक्योरिटी नंबर के लिए च्वाइस सेंटर में चक्कर लगा रहे है, वही नंबर लिंक कराने में अलग से चक्कर लगानी पड रही हैं।

## आरसी बुक में नया नंबर अपडेट कराने चक्कर काट रहे वाहन चालक

### आरसी बुक में लिंक होगा नंबर

हाई सिक्योरिटी नंबर में कडे प्रावधान यह है कि, वाहन के कागज यानि आरसी बुक में वाहन चालक के मोबाइल नंबर लिंक किए जाएंगे। ऐसे में कभी सडक दुर्घटना होने की स्थिति में यातायात पुलिस सीधे वाहन मालिक से संपर्क कर सकेगें। बहरहाल नंबर प्लेट बदलने के लिए एक समयसीमा निर्धारित की जाएगी। इसके बाद पुराने नंबर प्लेट वाले वाहनों पर आरटीओ व यातायात विभाग द्वारा चालानी कार्रवाई की जाएगी। आरसी बुक में मोबाइल नंबर जोड़ने विभाग लिंक भी जारी कर रहा है।




### इस नंबर प्लेट के फ़ायदे

इससे वाहन चोरी होने पर आसानी से ट्रैस किया जा सकेगा। आरसी बुक में मोबाइल नंबर लिंक होने से लोकेशन से चोरी पकडी जाएगी। इससे वाहन ट्रैकिंग और निगरानी बेहतर होती है। इससे वाहन पंजीकरण और कानून-पालन में सुधार होता है।

### प्रदेशभर के आरटीओ को दिए निर्देश

परिवहन विभाग (आरटीओ) से मिली जानकारी के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के द्वारा सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए विगत दिनों राज्य स्तर पर विभागीय अधिकारियों की राजधानी रायपुर में बैठक आहुत की गई थी। बैठक में 2019 के पहले के वाहनों में लगे नंबर प्लेट को बदलने व हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई है।

### कार्यालय में होगी प्लेट बदलने की सुविधा

परिवहन अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, वाहनों के चोरी व अन्य सुरक्षा के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। इस कार्य में तेजी लाने के लिए दुर्ग जिले में 63 कंपनी जिसमें शोरूम भी शामिल है। उन्हें अधिकृत किए गए गए है। हांलाकि आवेदन आनलाइन होगें, पर्ची मिलने के बाद नंबर प्लेट शोरूम में लगाने होगें। परिवहन अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, विभाग में एक कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। जिला परिवहन कार्यालयों में भी उपलब्ध होगी।

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की खासियतें

हाई सिक्यारिटी नंबर यह प्लेट एल्युमीनियम से बनी होती है। इसमें वाहन की पूरी जानकारी देने वाला क्रोमियम आधारित होलोग्राम होता है। यूनिक लेजर कोड होता है, जिसे हटाना मुश्किल होता है। इसमें स्नैप लॉक होता है, जिससे इसे बिना अनुमति के नहीं बदला जा सकता। इसमें रेट्रो-रिफ्लेक्टिव फ़िल्म होती है, जिससे कम रोशनी में भी वाहन आसानी से दिखता है।

### शिविर भी लगेंगे

हाई सिक्योरीटी नंबर लगाने लोगों को रूझान बढ रहा है। आरटीओ कार्यालय में सेंटर खोले जाएंगे, वहीं जिला मुख्यालय में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। **-एसएल लकड़ा,** आरटीओ अधिकारी दुर्ग

# लापरवाह पटवारियों की रुकी वेतनवृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर एसडीएम धमधा सोनल डेविड ने न्यायालयीन प्रकरणों में समयावधि में रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने तथा दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही बरतने पर पुरूषोत्तम दास पटवारी ग्राम दारगांव बिरोदा तहसील धमधा एवं दीप निरंजन सिंह पटवारी ग्राम तुमाकला तहसील धमधा की आगामी 1 वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के लघु शास्ति दंड से दंडित किया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने 2 अप्रैल को न्यायालय तहसीलदार धमधा के राजस्व प्रकरण का निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह पाया गया कि पटवारी पुरुषोत्तम दास द्वारा न्यायालय में त्रुटि पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। इसके सुधार हेतु उन्हें नोटिस भी दिया गया था, लेकिन उनके द्वारा समय पर सही रिपोर्ट नहीं दी गई। इसी प्रकार पटवारी दीप निरंजन सिंह द्वारा न्यायालय तहसीलदार के न्यायालयीन बंटवारा प्रकरण में नोटिस जारी करने के बाद भी रिपोर्ट नक्शा न्यायालय में उपलब्ध नहीं कराया गया। रिपोर्ट अप्राप्त होने की दशा में प्रकरण के निराकरण में आवश्यक विलंब हो रहा है। पटवारी पुरुषोत्तम दास द्वारा न्यायालय तहसीलदार के न्यायालयीन प्रकरण में त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा दीप निरंजन सिंह द्वारा न्यायालयीन समय को गंभीरता से नही लिये जाने से राजस्व प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब होने से उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये उन्हे कारण बताओं सूचना जारी कर जवाब प्राप्त किया गया।

## बकायेदारों के खसरा अंतरण पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद अंतर की राशि (आरआरसी) को नहीं पटाने वाले बकायेदारों पर राज्य शासन द्वारा शिकंजा कस दिया गया है। रजिस्ट्री के बाद बकाया राशि नहीं पटाने वाले बकायेदार के खसरा के अंतरण पर सिस्टम एनजीडीआरएस सिस्टम में रोक लगा दी गई है। जिसके बाद से बकायेदारों में हडकंप की स्थिति निर्मित है। जिला पंजीयक व उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद कई पक्षकार का बाद में आडिट होने के बाद बकाया राशि जिसे आरसीसी कहते हैं, इसकी वसूली की जाती है, लेकिन तीन बार से अधिक नोटिस देने के बाद ऐसे बकायेदार बाज नहीं आ रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि जिले में 08 प्रकरण हैं। जिनसे 45 लाख रुपए की वसूली की जानी है। वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में भी बकाया राशि वसूल नहीं होने के चलते राज्य शासन द्वारा विगत सत्रह मार्च को आदेश जारी किया गया है।

# सचिवों के हड़ताल से लौटते ही सरपंचों को सौंपा गया कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले माहभर से चले सचिवों का हडताल समाप्त होने के बाद वे काम पर लौट गए है। काम पर लौटते ही सचिवों ने नए सरपंचों को भी कार्यभार दे दिया है। सचिव और सरपंचों के पद संभालने के बाद अब पंचायत से संबंधित कार्यो में तेजी आएगी।

- पंचायतों के कार्य में आएगी अब गति

उल्लेखनीय हैं कि, प्रदेशभर में सचिव संघ हडताल पर थे। सोमवार से जिले के सभी ग्राम पंचायतों में सचिव काम पर लौट गए है। सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि, धमधा के तीन से चार गांव को छोडकर सभी ग्राम पंचायत में सचिव खुद लौट गए है और उन्होने नए सरपंचों को पदभार भी दिला दिया है। प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में किए गए वादे को पूरा करने के लिए पंचायत सचिवों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया था। विगत दिनों पंचायत सचिवों के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा से अपनी मांग को लेकर सकारात्मक चर्चा की। जिसमें पंचायत सचिवों की मांगों पर सहमति बनी और प्रदेशभर में पंचायत सचिवों ने अपने अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त कर दिया है।




### ग्राम पंचायतों में होंगे पेंडिंग काम पूरे

हडताल समाप्त होने के बाद वर्ष 2025-26 के कार्य योजना तैयार किए जाएंगे। सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि, सुशासन तिहार-2025 एवं अन्य योजना से संबंधित कार्यो का संचालन ग्रामीण स्तर पर हो रहा है, जिसे लेकर सभी सचिवों की आवश्यक बैठक कर कार्यो में तेजी लाने की दिशा में कार्य योजना बनाई जाएगी। वहीं जीपीडीपी का निर्माण, आवास सर्वे का कार्य, ग्राम पंचायत की बैठक, ग्रामसभा की बैठक, 31 मार्च की स्थिति में रोकड़ बही को बंद का सॉप्टवेयर में एंट्री, ग्राम पंचायत पर चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा एवं अन्य कार्यों को समय पर पूरा करने का दायित्व सौंपा जाएगा।

## अंजोरा ढाबा के ग्रामीणों से कहा टैंकर भेजने का प्रावधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर जनदर्शन में तीन दिन के अंदर पानी की समस्या नही सुलझने पर आंदोलन की चेतावनी दिए जाने के दूसरे दिन मंगलवार को अफसरों की टीम गांव पहुंची थी। जहां ग्रामीणों ने अफसरों से टैंकर के जरिए पानी पहुंचाने की मांग रखी। जिस पर अफसरों ने कहा कि, विभाग के पास टैंकर के जरिए पानी देने का प्रावधान नही है। पीएचई के टीपीआई तन्मय किशोर के साथ ग्राम के स्थल निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि, ग्राम के सरपंच एवं उनके प्रतिनिधि द्वारा ग्राम में होने वाली पानी की समस्या जैसे पुराने पानी टंकी में पानी नहीं भरा जाना, हैण्डपंप का बंद हो जाना, नये बोर खनन करवाना एवं टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति कराये जाना अवगत कराया गया। वर्तमान में कुल हैण्डपंप 14 है। जिसमें चालू 5 और बंद 9 है। जबकि पावर पंप 7 चालू 4 बंद 3 सोलर पंप 1 चालू अवस्था में पाया गया। चूंकि ग्राम अंजोरा (ढा) में ग्रीष्म काल में जलस्तर कम हो जाता है। हैण्डपंप में राईजिंग पाईप बढ़ाने पर भी पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति नहीं हो पाती, वर्तमान में नये नलकूप खनन किया गया है एवं उसमें हैण्डपंप लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। सरपंच द्वारा पानी के टैंकरों की मांग की गई। विभाग द्वारा टैंकर उपलब्ध कराने के कोई प्रावधान नहीं होने की बात कही गई। उन्हें संबंधित विभाग से टैंकर की समस्या हेतु संपर्क करने के लिए सुझाव दिया गया।

# विपक्षी हमलों के बाद भाजपा बाबा साहेब पर आज रखेगी अपना पक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर को लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियां भाजपा पर हमलावर है। इसके जवाब में भाजपा आम जनता तक वास्तविक तथ्यों को रखने अपने वक्ताओं के माध्यम से देशभर में संगोष्ठी का आयोजन कर रही है। 23 अप्रैल को सेक्टर-4 एसएनजी सभागार में सम्मानसभा (गोष्ठी) का आयोजन कर रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र पाध्ये ने बताया कि देश में कांग्रेस सहित कई विपक्षी पार्टियां लगातार यह दुष्प्रचार कर रही है कि भाजपा भारतरत्न बाबा साहेब का अपमान कर रही है जबकि कांग्रेस ने बाबा साहेब के रहते भी उन्हें कभी सम्मान नहीं दिया। देश के सामने बाबा साहेब को लेकर भाजपा वास्तविक तथ्यों को रखने का काम कर रही है। कांग्रेस बार-बार यह हल्ला मचाती है कि संविधान बदलने का प्रयास भाजपा कर रही है। लेकिन भाजपा देश में आम जनमानस के भावना के अनुरुप संविधान में संशोधन कर रही है। संशोधन पहली बार नहीं हो रहा है कांग्रेस ने इसके पहले अपने स्वार्थपूर्ति के लिए बाबा साहेब की भावनाओं के विपरीत संविधान में संशोधन किया है। भाजपा नेतृत्व के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सम्मान सभा (गोष्ठी) कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इसी तारतम्य में दुर्ग व भिलाई जिला भाजपा का संयुक्त गोष्ठी कार्यक्रम एसएनजी हायर स्कूल सेक्टर-4 भिलाई के सभागार में 23 अप्रैल को सुबह 11 बजे गोष्ठी होगी।

- भिलाई-दुर्ग जिला भाजपा का आज सेक्टर-4 में आयोजन

### गोष्ठी में वक्तागण होंगे शामिल

एसएनजी हायर स्कूल सभागार में आयोजित गोष्ठी में भाजपा की नीति एवं शोध प्रभारी राहुल चिमुरकर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा निगम के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगे। जिला भाजपा दुर्ग अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला भाजपा अध्यक्ष भिलाई पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्ग के कार्यक्रम संयोजक दिनेश देवांगन, भिलाई के संयोजक प्रेमलाल साहू ने कार्यकर्ताओं से गोष्ठी में भागीदार बनने की अपील की है।

## अतिक्रमणकारियों ने विरोध भी कराया दर्ज, 10 से अधिक स्थानों पर कार्रवाई

# शहर के अवैध कब्जों पर चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

टप्पा तालाब चौक से स्थित सड़क किनारे शासकीय जमीन पर कब्जा कर रखे गए ठेले, खोमचे को हटाने की कार्रवाई नगर निगम ने की।

- शासकीय जमीन पर लगाए गए ठेले-खोमचे हटाए गए



आयुक्त सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में निगम की अतिक्रमण शाखा और बाजार विभाग की टीम ने लाइन से लगे 10 से अधिक अस्थायी और स्थायी गुमटी, ठेला हटाया गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों ने विरोध किया, लेकिन निगम प्रशासन के सख्ती के आगे उन्हें पीछे हटना पड़ा। दरअसल टप्पा तालाब चौक के पास की शासकीय भूमि पर पहले कुछ लोगों ने अस्थायी रूप से ठेले, टीन शेड और लकड़ी की मदद से दुकानें बनाई थीं। देखते ही देखते ये कच्चे दुकान पक्के में तब्दील हो गया। कई लोगों ने तो टीन, ईंट और सीमेंट से स्थायी चबूतरा निर्माण कर लिया था। सड़क किनारे सरकारी ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा हुआ जिससे यातायात और सफाई व्यवस्था पर असर पड़ रहा था। मंगलवार को सुबह निगम की टीम जेसीबी और अमले के साथ मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध करते हुए कार्रवाई को रोकने की कोशिश की लेकिन निगम की सख्ती से काम जारी रहा। कार्रवाही के दौरान बाजार विभाग शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, अतिक्रमण प्रभारी अधिकारी परमेश्वर के अलावा बाजार विभाग, अतिक्रमण विभाग अमला मौजूद रहें।

### दोबारा अतिक्रमण पर होगी जब्ती की कार्रवाई

टप्पा तालाब में अतिक्रमण के कारण अवैध और गैर कानूनी कार्य को भी बढ़ावा मिल रहा था। टप्पा तालाब के आस पास दोबारा अतिक्रमण होने पर जब्ती की कार्रवाही होगी। महापौर श्रीमती अलका बघामार ने शहर में यातायात व्यवस्थित को लेकर दुकान के बाहर सड़क घेरकर व्यवसाय करने वाले तथा सड़क किनारे चौक चौराहों पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालो के अलावा शहर, कालोनी, क्षेत्र, गली-मोहल्ले में लोगो द्वारा घर के पास नाली के ऊपर तार फ्रेन्सिंग लगाकर गार्डन बनाकर रखा गया उनसे भी अपील की गई है कि नुकसान से बचने के लिए वे अपना अवैध अतिक्रमण स्वयं हटा लें।

# निकुम सोसायटी में एंट्री में गड़बड़ी स्टॉक पंजी में नहीं मिला रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निकुम सोसायटी में खाद्य विभाग द्वारा किए गए जांच में लाखों रूपए के धान गायब होने की रिपोर्ट तैयार किए गए थे। जांच में इस बात की पुष्टि हुई थी कि, सोसायटी प्रबंधक ने धान का कही भी आनलाइन एंट्री नही किया था और सोसायटी से धान गायब मिला। यही नही स्टाक पंजी में भी धान का कोई उल्लेख नही होना पा गया था।

- दोषियों को बचाने बाद में भर्ती का अंदेशा

खाद्य नियंत्रक टीएल अतरी ने बताया कि, निकुम सोसायटी में 13 सौ क्विंटल धान का कही कोई हिसाब नही मिला था। उन्होने कहा वस्तु स्थिति की जांच कर रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी थी। जिसके बाद एफआईआर कराने के निर्देश दिए गए थे। नियमतः सोसायटी में प्रबंधको को सीसीटीवी कैमरा भी लगाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन सोसायटी में कैमरा भी नही था। जबकि सोसायटी में ट्रक के प्रवेश करने पर फोटो खिंचे जाते और गेट पास जारी किया जाता है। वही ट्रक के निकासी के बाद एक बार और फोटो खिंचे जाने का नियम था। वही गेट पास से इसकी पुष्टि होती थी कि, सोसायटी से कितना धान बाहर गया था। लेकिन जांच में गेट पास भी नही मिले थे। सूत्रों ने बताया कि, सोसायटी प्रबंधक, नोडल अधिकारी सहित कर्मचारियों को बचाने कलेक्टर के निर्देश को ताक में रखकर रिकार्ड में धान की भरपाई दिखाई गई होगी।

# संस्कारित संतान प्राप्ति के लिए पुसवन संस्कार कराना जरूरी: जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

## 11 गर्भवतियों का पुसवन और 7 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार आयोजित

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन पर 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक देशभर में पोषण पखवाड़ा का सातवां संस्करण मनाया गया। इस वर्ष मातृ एवं शिशु पोषण, लाभार्थियों के लिए डिजिटल पहुंच और बचपन में मोटापे से निपटने पर केंद्रित थीम पर पोषण संबंधी कल्याण को बढ़ाने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। इसी कार्यक्रम के तहत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कातरो में पोषण पखवाड़ा के समापन के अवसर पर ग्राम सरपंच जितेंद्र सोनाली सोनी व महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग के मार्गदर्शन एवं गायत्री प्रज्ञापीठ कोड़िया व हनोदा के सहयोग से ग्राम की 11 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार एवं 7 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार वैदिक कर्मकांड व तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से सम्पन्न कराया गया।

ग्राम सरपंच जितेंद्र सोनी ने कहा हमारे सनातन संस्कृति में जीवन के हर प्रमुख पड़ावों पर विशेष संस्कार सम्पन्न कराए जाते हैं लेकिन संस्कारवान समाज की नींव खड़ा करने में गर्भाधान, पुंसवन एवं सीमन्तोन्नयन संस्कार का विशेष महत्व है। राम, कृष्ण, विवेकानंद जैसे संतान की प्राप्ति के लिए ये संस्कार जरूरी हैं। सरपंच सोनी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा अपने ग्राम पंचायत को आदर्श बनाने के लिए युगदृष्टा श्रीराम शर्मा आचार्य के प्रेरणा से गायत्री परिवार द्वारा आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी कार्यक्रम चलाई जाती है जिसका शुरुआत आज कातरो में भी हो गया है और यह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने निवेदन करते हुए कहा एक बच्चे के दिमाग का विकास जब वह माँ के गर्भ में रहता हैं तभी से होना शुरू हो जाता हैं। गर्भ के दौरान माँ जिस वातावरण में रहती है, जैसे विचार करती हैं, जो अन्न वो ग्रहण करती हैं, वैसे ही आचरण बच्चों में भी पाया जाता हैं। इसलिए गर्भधारण करने से पहले ही हर माँ को एक श्रेष्ठ वातारण व श्रेष्ठ विचारों के साथ जीवन जीना चाहिए।



### पोषण पखवाड़े के बारें में की गई चर्चा

आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सोनल सोनी ने पोषण पखवाड़ा के बारे में चर्चा करते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों के विकास के लिए आहार से संबंधित जानकारी दी व इस संस्कार के कार्यक्रम को हमेशा संचालित करने की बात कहीं। यज्ञ कर्मकांड सम्पन्न कराने में यज्ञाचार्य गीतांजली साहू, यामिनी चंद्राकर, गीतांजली साहू, लीसा, योगिता, हेमन्त साहू, मुकेश, तरुण का विशेष भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुषमा साहू, गोमती साहू के साथ उपसरपंच पुष्पा कृष्णा साहू, पंच सरिता साहू, गायत्री देवांगन, शशि साहू, सरोज बाई साहू, आंगनबाड़ी सहायिका पुष्पा बारले, पुष्पा क्षत्रिय, मितानिन मुन्नी देवांगन, लता साहू, बिरम साहू, कमलेश्वरी गजपाल, धर्मिन साहू, परमा पटेल, आरती साहू एवं ग्रामीण महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### किशन ने की नेत्रदान की घोषणा



**सेलूद।** अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन अध्यक्ष एवं तहसील साहू संघ पाटन के मीडिया प्रभारी किशन हिरवानी ने 22 वें तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह के अवसर पर रविवार को ग्राम अमलेश्वरडीह में सार्वजनिक मंच से नेत्रदान करने की घोषणा किए। संकल्प पत्र को परिवार के साथ संस्था को सौंपी जाएगी। गौरतलब हो कि किशन हिरवानी जरूरतमंद लोगों को अब तक 33 बार रक्तदान कर जीवनदान दे चुके हैं। प्रदेश साहू संघ द्वारा उन्हें इस उपलब्धि पर राजिम भक्तिन माता सम्मान से सम्मानित भी किया था। हिरवानी ने कहा हमें नेत्रदान का संकल्प लेकर, समाज में इसके प्रति जागरुकता लाने और किसी दृष्टिहीन व्यक्ति के जीवन में नई रोशनी लाने के अधिक से अधिक प्रयास करने चाहिए।

### धमधा जपं सरपंच संघ की अध्यक्ष बनी दामिनी



**नंदिनी अहिवारा।** जिला दुर्ग जनपद पंचायत धमधा सरपंच संघ का चुनाव किया गया। जिसमे जनपद पंचायत धमधा क्षेत्र के 119 सरपंचों में से 85 सरपंच ने बागडूमर सरपंच दामिनी साहू को सर्वसम्मति से धमधा जनपद पंचायत सरपंच संघ का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष लीमन साहू, अहिवारा नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष नटवर ताम्रकार एवं जनपद सदस्यो ने नव निर्वाचित सरपंच संघ के अध्यक्ष दामिनी साहू को बधाई व शुभकामनाएं दिया।

## निधन

### गोपाल जयराम देउस्कर



**भिलाई।** साकेत कालोनी दुर्ग निवासी बीएसपी कोकवन सेवानिवृत्त 82 वर्षीय गोपाल जयराम देउस्कर का निधन 22 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 अप्रैल को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में 11 बजे होगा। वे सुनीता देउस्कर के पति व अजय, अमित और अश्विनी के पिता थे।

## सतनामी समाज छाटा व आसरा के तत्वावधान में जयंती समारोह आयोजित

# बीएसपी जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से सामाजिक ढांचा हुआ मजबूत: भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, शिक्षा क्रांति ज्योतिबाफुले एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण प्रथम जेल सत्याग्रही व गुरू घासीदास जयंती के जन्मदाता संत नकुल देव ढीढ़ी का जयंती समारोह ग्राम पंचायत छाटा, सतनामी समाज छाटा एवं सतनामी समाज आसरा पाटन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को ग्राम छाटा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. भूपेश बघेल ने कहा कि देश की आजादी के पश्चात बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अथक प्रयासों से विश्व के सबसे श्रेष्ठ और सबसे बड़े संविधान का सौगात हम भारतीयों को मिला। जिसमें सभी संतों और महापुरुषों के सम्माननीय विचार समाहित है। वहीं देश की आजादी के पश्चात बने बीएसपी सहित तमाम सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से बहुसंख्यक समाज के लोगों को रोजगार के अवसर मिलने से सामाजिक ढांचा मजबूत हुआ था। जिन्हें निजीकरण करने से आरक्षण खत्म होते जा रहा है। संविधान एवं संविधान में निहित समाजवादी अर्थव्यवस्था को खतरा शुरू हो गया है और संविधान की रक्षा करना प्रत्येक भारतीयों का कर्तव्य है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले के सर्वजन के लिए शिक्षा के अवसर आज हम सब के बीच में शिक्षा के अधिकार के रूप में विद्यमान हैं। आज शिक्षा प्राप्त कर सर्व समाज के बेटे-बेटियां सम्माननीय पदों पर सुशोभित है।

आगे कहा कि संत नकुल देव ढीढ़ी ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए प्रथम जेल सत्याग्रही और गुरू घासीदास जयंती के अग्रदूत के रूप में योगदान दिए इसके अलावा गौ हत्या को रोकने व्यापक रूप से जन आंदोलन चलाकर सच्चे गौ रक्षक की भूमिका अदा किए। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी, पत्रकार बलराम यादव एवं बहुजन विचारक भूषण नादिया ने भी महापुरुषों एवं संविधान पर अपने विचारों के माध्यम से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, ज्योतिबा फूले, नकुल देव ढीढ़ी के छायाचित्र एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. घनश्याम तिवारी के मूर्ति व संविधान पुस्तिका पर माल्यार्पण पश्चात प्राथमिक शाला कौही के विद्यार्थी रोहन निषाद के द्वारा प्रस्तावना वाचन से हुआ।

इस दौरान प्राथमिक शाला कौही के बच्चों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं संविधान से संबंधित गीत पर नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षादूत राजेन्द्र मारकण्डे ने किया एवं आभार प्रदर्शन पूर्व सरपंच व जनपद सदस्य ओम टंडन ने किया। कार्यक्रम में कमलेश चेलक सरपंच छाटा, प्रियलता महिपाल सरपंच औसर, उमा देवी चेलक उपसरपंच, पंच प्रभाकर टंडन, संतोष यादव, विरेन्द्र चेलक, मनोज वर्मा, तिरिथ बाई साहू, अल्का चेलक, जमुना यादव, दुलार सिंह ठाकुर व्याख्याता, अंकेश महिपाल शिक्षक, योग एवं आयुर्वेदाचार्य आदित्य टंडन, राजेन्द्र प्रसाद मारकण्डे, स्वाति मारकण्डे, टुम्मन जोशी, वेद प्रकाश ठाकुर, मूशन घृतलहरे, कुणाल मारकण्डे, सोनू कौशिक, पूनम चंद चेलक, नरेश चंदेल, धनश्याम चेलक, रितिक चेलक, गोविंदा चेलक, शिव कामड़िया, लोकेश देशलहरे, खूबचंद चेलक, अंजोर दास चंदेल, चन्द्रशेखर जोशी, योगेश नायक, गैंद लाल खुटियारे, भागवत बंजारे, कल्याणी, धर्मिन चेलक, लक्ष्मी चेलक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

डॉ. अम्बेडकर ने संतों-महापुरुषों के विचारों अनुरूप संविधान लिखा



## अंचल की खबरें

### सरपंच जरूरतमंदों को करती है आर्थिक सहयोग



**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की ग्राम देवादा की नवनिर्वाचित सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा सरपंच निर्वाचित होते ही गांव के जरूरतमंद लोगों के लिए आर्थिक मदद कर अनुकरणीय पहल की है। महिला सरपंच की उदारता और मानवता के उच्चतम मानकों के कारण गरीब परिवार के साथ एक अनोखा रिश्ता बन गया है, जो किसी के लिए मां, बेटी और बहन से कम नहीं है। सरपंच लक्ष्मी वर्मा जैसा कि उनका नाम लक्ष्मी है वे गांव के गरीब परिवार के लिए लक्ष्मी की तरह काम कर रही है। उन्होंने सरपंच निर्वाचित हुए 2 महीने हुए है इन दिनों में उन्होंने जरूरतमंद परिवार को मांगलिक कार्य, शोक कार्यक्रम, गांव के समिति और युवाओं को अब तक 1.5 लाख रुपए की आर्थिक मदद कर चुकी है। विगत दिनों गांव की कलिया बाई यादव, कुसुम यादव, चंचल साहू को मांगलिक कार्य के लिए 5 हजार रुपए नगद प्रदान किए एवं मां लक्ष्मी समिति को 5 हजार, क्रिकेट टीम को 2500 हजार रुपए नकद प्रदान कर आर्थिक सहायता प्रदान किए। वर्मा ने कहा कि गांव में विकास कार्यों के अलावा हर जरूरमंद परिवार को आर्थिक मदद कर उनकी खुशहाली के लिए लगातार प्रयास जारी है। देवादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कर्म भूमि है, मेरा सौभाग्य है कि मैं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार की बहु बनी हु। उन्होंने कहा कि गांव की प्रतिनिधि चुनावों के दौरान मतदाताओं के सामने कई तरह के वादे कर चुनाव में जीतने का हथकंडा अपनाते है लेकिन एक सरपंच को हर मुश्किल समय में मतदाताओं और ग्रामीणों के साथ खड़े रहने की आवश्यकता है।

### गभर्वती माताओं को उचित देखभाल की दी जानकारी




**भिलाई।** महिला बाल विकास परियोजना भिलाई के तहत केम्प शयान नगर-1 में पोषण पखवाड़ा के दौरान गर्भावस्था के 1000 दिन के बारे में गर्भवती माताओं व हितग्राहियों को समझाया गया। गर्भवती माताओं की देखभाल, समय पर टीकाकरण, उचित पोषण आहार के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सेवेप्ट सुपरवाईजर, किरण देवांगन, शियला देवांगन, महालक्ष्मी वीवेटरमनी, अंजना शर्मा, सुरेखा ठाकुर, सरस्वती मेश्राम शामिल हुए।

### बैलगाड़ी से दुल्हन लेने बारात लेकर पहुंचा दुल्हा



**निकुम।** आधुनिकता के दौर और 21 वीं सदी में क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि कोई एजुकेटेड दुल्हा बैलगाड़ी से बारात लेकर दुल्हन के घर पहुंच सकता है। आज के दौर में लक्जरी वाहन व डीजे के शोर शराबे से दूर अनोखी बारात पहुंची। गौर हो कि दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत आमटी के पूर्व सरपंच रहे घनश्याम साहू के पुत्र गोपचंद साहू निकुम बैलगाड़ी को सजाकर कर पारंपरिक गड़वा बाजे गाजे के साथ बाराती नाचते झूमते अपने दुल्हन को बिहाने पहुंची। वहीं दूल्हा गोपचंद साहू एजुकेटेड है, वहीं दूल्हन योगेश्वरी साहू भी ग्रेजुवेट की है। दूल्हा गोपचंद साहू ने बताया कि भिलाई में प्राईवेट जॉब करता हूं, वहीं अपने संस्कृति पुरानी परंपराओं को पुनजीर्वित करने और पर्यावरण को बचाने बैलगाड़ी से बारात लेकर निकुम पहुंचा। वहीं बैलों को सजाकर कर घंटी बांधी गई जिसे कई बुजुर्ग देखकर अपने पुराने समय के विवाह की शुभ बेला याद आई। वहीं शादी में जितना हो सके प्लास्टिक डिस्पोजल प्रतिबंध करे। इस अवसर पर गोपचंद साहू ने कहा कि जीवन में एक वृक्ष जरुर लगाए। वहीं दूल्हे के पिता घनश्याम साहू ने कहा कि बेटे की इच्छा है, समाज में सभी मिलकर बेहतर पहल करे।

## पथरिया के युवाओं ने किया भाजपा में प्रवेश



**नंदिनी अहिवारा।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस अप्रैल माह के अवसर पर भिलाई जिला अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पथरिया के सैकड़ों युवाओं ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छग में सुशासन के सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं सांसद विजय बघेल, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे की कार्यशैली एवं भारतीय जनता पार्टी की रीतिनीति और संस्कारों से प्रभावित होकर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो आनंद ताम्रकार के समक्ष प्रवेश किया। इस अवसर पर प्रियांश मिश्रा, थनेश साहू, लेखराम साहू, खिलावन यादव, देवेन्द्र यादव, लुपेश यादव, अमर धीवर, डिगेश ठाकुर, समीर ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## सेलूद पंचायत की अनुकरणीय पहल, लोगों की जानकारी के लिए लगाया संकेतक बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

पाटन चौक सेलूद में बने सार्वजनिक शौचालय जो दुकानों के बीच होने के कारण राहगीरों को दिखाई नहीं देता था और इस शौचालय का उपयोग नहीं कर पाते थे। ग्राम पंचायत सेलूद के युवा सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे ने इस बात का ध्यान में आते ही सड़क किनारे लगे पीडब्ल्यूडी के संकेतक बोर्ड के नीचे में दोनों तरफ सार्वजनिक शौचालय लिखाया गया है इसके लिखने से लोगों को शौचालय के लिए पूछने की जरुरत नहीं पड़ेगी और महिला पुरुष दोनों को इसकी जानकारी होने से उपयोग कर पायेंगे। लघु शंका की स्थिति में जगह नहीं होने पर दुकानदारों और राहगीरों को बहुत दिक्कत होती थी, इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार के द्वारा यह शौचालय निर्माण किया गया है। लेकिन जानकारी के अभाव में लोग इसका उपयोग नहीं कर पाते थे। इसलिए सड़क किनारे दोनों तरफ बड़े-बड़े अक्षरों में सार्वजनिक शौचालय लिखवाया गया है। अब लोगों को इस बोर्ड के लिखने से शौचालय की जानकारी होगी और इसका उपयोग भी होगा। असामाजिक तत्वों व बंदरों द्वारा वायरिंग व नल कनेक्शन को तोड़ फोड़ करने के साथ गंदगी भी कर दिया गया है। उन सबको को सुधार करवाकर सफाई कार्य भी करवाया जायेगा । सभी लोगों से दुकानदारों व राहगीरों से अपील किया कि सही उपयोग कर साफ-सफाई रखे और गंदगी न फैलाये, सफाई रखने से आप सबको ही सुविधा होगी।




■ दुकानदारों व राहगीरों से साफ-सफाई रखने का किया अपील

## बिजनेस साइट

# जागरूकता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को महिला संबंधी विधि व न्याय संबंधित जानकारी प्रदान की





**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग में यौन उत्पीड़न जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अधिवक्ता उमा भारती साहू अध्यक्ष जिला विधि प्रकोष्ठ, दुर्ग एवं उपाध्याय जिला अधिवक्ता संघ, दुर्ग तथा अधिवक्ता जेपी राव उपाध्यक्ष कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अधिवक्ता उमा भारती ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की रोकथाम के लिए जागरूकता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को महिला संबंधी विधि एवं न्याय संबंधित जानकारी प्रदान की। समाज में महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए शिक्षा को एक प्रबल माध्यम बताते हुए शिक्षित और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। समाज में हो रही घटनाओं को साझा करते हुए मोबाइल तथा इंटरनेट का प्रयोग करते समय सावधानी बरतने और अनजान और असामाजिक तत्वों से दूरी बनाने की सलाह दी। वर्तमान में हो रहे बाल अपराधों की जानकारी देते हुए पाक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी प्रदान की और छात्रों को बाल अपराध के प्रति सचेत किया। अधिवक्ता जेपी राव ने छात्रों को संबोधित करते हुए नशे को अपराध का एक बड़ा कारण बताया और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की और समझाया कि आवश्यकता पड़ने पर किस प्रकार विधिक साहायत प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं की सहायता के लिए चलाई जा रही योजना जैसे सखी सेंटर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार महिलाएं किसी भी प्रकार के अपराध या दुर्व्यवहार होने की स्थिति में सखी सहायता केंद्र से सहयोग प्राप्त कर सकती है। शैलदेवी महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया।

## ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, आवागमन बाधित



**कुम्हारी।** मंगलवार को तेज रफ्तार से दुर्ग से रायपुर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक एमएच 15 इजी 9965 जंजगिरी के पास खालसा ढाबा के सामने ब्रेकर में अनियंत्रित होकर पलट गई ट्रक में स्क्रेप भरा हुआ था। ट्रक के पलटने से उसमें लदे स्क्रैप सड़क पर बिखर गए जिससे आवागमन बाधित हो गया। इस घटना से सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई और हाईवे पर करीब ढाई घंटे तक दुर्ग से रायपुर मार्ग में जाम लगा रहा गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारें देखी गई। बाद में स्थानीय पुलिस एवं ट्रैफिक अमला द्वारा जेसीबी की मदद से सड़क पर बिखरे स्क्रैप को हटा कर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया गया।

## मंत्री विजयवर्गीय का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**कुम्हारी।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव व मध्यप्रदेश में नगरीय प्रशासन मंत्री विजय वर्गीय का छत्तीसगढ़ आगमन पर कुम्हारी में सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने वर्गीय को गुलाब भेंटकर स्वागत किया जिनमें राजू निषाद, पार्षद लोकेश साहू, पार्षद प्रवीण राव, पार्षद रितिका यादव, प्रणव श्रीवास्तव, गोविंद बघेल, दीपक बैस, इन्दिरा कोसरिया, भावना बंजारे, पिंटू शिवहरे, मनोरंजन पाण्डेय, महेश वर्मा, कर्मवीर सिंह, मंदाकिनी, खुशबू चौधरी, कुमारी, वीना चौहान, साधना चौहान एवं प्रकाश जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीएसपी की प्रवर्तन टीम ने हटाए अवैध पोस्टर व झंडे



**भिलाई।** बीएसपी के प्रवर्तन विभाग की टीम द्वारा मंगलवार को सेंट्रल एवेन्यू ग्लोब चौक से लेकर सेक्टर 9, हॉस्पिटल चौक तक के बिजली खंभों में अवैध रूप से लगाए गए सैकड़ों बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स हटाए गए । 300 से अधिक धार्मिक झंडों को भी ससम्मान निकाला गया । झंडों को निकलने के लिए जरिफ गाड़ी का उपयोग किया गया। विभिन्न राजनैतिक दलों तथा संगठनों द्वारा भिलाई टाउनशिप के मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गो में अवैध रूप से यहां वहां लगाए गए बैनर पोस्टरों के गिरने से सड़क दुर्घटना होती रहती है । अवैध बैनर पोस्टर लगाने वालों पर पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी । इस विषय में प्रशासन को भी सूचित किया गया है ।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04 कल की फिक्र

## लाइव इवेंट

### वोकल फॉर लोकल अभियान, खादी केवल वस्त्र नहीं ये हमारे स्वाभिमान का प्रतीक



**भिलाई।** खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने खादी के कपड़ों की बिक्री करने वाले काउंटर का निरीक्षणकिया। वे शास्त्री बाजार स्थित खादी वस्त्र बिक्री भंडार और गांधी भवन स्थित खादी एम्पोरियम रायपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य खादी वस्त्रों की गुणवत्ता, ग्राहकों की संतुष्टि तथा विक्रय व्यवस्था की समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों और अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रसीद, ग्राहक फीडबैक रजिस्टर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सूक्ष्म अवलोकन किया। साथ ही दुकान में उपलब्ध वस्त्रों की गुणवत्ता, कपड़ों की विविधता तथा स्वदेशी उत्पादों की उपलब्धता की सराहना की। पांडेय ने केंद्र के प्रबंधक और कर्मचारियों से चर्चा कर कार्य प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने की सलाह दी। वोकल फॉर लोकल अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए और प्रयास करने का आग्रह किया। अधिकारियों ने यह भी कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि स्वावलंबन और स्वाभिमान का प्रतीक है। अंत में पांडेय ने संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधारों हेतु कुछ सुझाव भी दिए।

## सिटी इवेंट

### विश्व में संस्कृति को सर्वोच्चता दिलाने में एक आदर्श साबित हो रहा गार्गी विद्यालयः डॉ. शर्मा



**भिलाई।** भारतीय ज्ञान परम्परा के सन्दर्भ में संस्कृति-संस्कृत विशेषज्ञ एवं लेखक आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने भोपाल का दौरा किया। यहां मध्यप्रदेश शासन के महर्षि पतंजलि संस्कृत विद्या मंडल, संस्कृतभवनम् द्वारा संचालित शासकीय आदर्श रेजिडेंशियल गर्ल्स इंस्टीट्यूट फॉर संस्कृतम् अर्थात गार्गी विद्यालय भोपाल में उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या स्नेहा सालोडकर एवं युवा शिक्षक अनुपम शुक्ल ने उनका सम्मान किया। डॉ.शर्मा ने इस दौरान सशस्त्र बल की सलामी गारद का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया में गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को द्वारा मेमोरी ऑफ़ वर्ल्ड बनाये जाने की धूम है, तब यहां के तपस्वी शिक्षकों और छात्राओं जैसे संस्कृत के प्रति समर्पित असंख्य व्यक्तियों और संस्थाओं की ओर हमारा ध्यान जाता है। नारी शक्ति का सम्मान और पंच कन्याओं के प्रति पूज्य भावना भी शायद ऐसी ही मातृशक्ति की देन है। 42 जिलों की 333 बच्चियां यहां संस्कृत माध्यम पढ़ाई कर रही हैं। कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाओं में अध्ययनरत इन बच्चियों को न केवल भोजनावास निः शुल्क है। साथ ही स्मार्ट क्लास, पुस्तकें, पुस्तकालय, स्टीम लैब, एनसीसी, रायफल शूटिंग और रेंज आदि की भी सुविधाएं हैं।

## सिटी इवेंट

### पारा @ 43 डिग्री पर...महिलाओं ने राहगीरों को बांटा शरबत और फल



**भिलाई।** ट्विनसिटी के तापमान में रिकॉर्डतोड़ इजाफा हुआ है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इस गर्मी के बीच महिलाओं ने राहत दिलाने शरबत और फल वितरण शुरू किया है। एक प्रयास संस्था लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। संस्था की महिलाओं ने डीपीएस चौक स्थित हनुमान मंदिर के सामने लोगों को तरह-तरह के शरबत और फल का वितरण किया। ताकि लोग इस गर्मी से बच सकें। संस्था की अध्यक्ष चैती पाल और महासचिव पूनम प्रियदर्शी ने बताया कि यह उनका पहला प्रयास था। मात्र 1 घंटे में ही करीब 300 से ज्यादा लोगों को उन्होंने शरबत बांटा। महिलाओं ने कहा कि गर्मी के दिनों में किसी प्यासे को पानी पिलाने किसी विशेष दिन का इंतजार नहीं करना चाहिए। जब समय मिले यह सेवा करनी चाहिए। गर्मी में डिहाइड्रेशन की समस्या सबसे ज्यादा होती है। इसलिए शरबत, आम पना, छाछ के साथ फल बात कर वे उन्हें डिहाइड्रेशन से बचने की कोशिश कर रहे हैं। इस शरबत और फल वितरण कार्य में संस्था की ज्योति चन्द्राकर, मंजू सामंता, रश्मि सागर, अनिता बंसल, पूनम वर्मा सहित कई महिलाएं शामिल थीं।

---

**नालों और नालियों के आसपास, झाड़ियों के झुरमुट में देखे जा रहे दक्षिण भारत और एमपी के ये पक्षी**

# जंगल की गुड़िया का भिलाई की हरियाली में है स्वागत... पूरे एक साल इंतजार के बाद टाउनशिप में पहुंचे दुर्लभ दूधराज

दुर्लभ पक्ष पिट्टा और नर-मादा दूधराज का आगमन टाउनशिप में हो गया है। टाउनशिप के सेक्टर-1, सेक्टर-3, सेक्टर-7 में इन दुर्लभ पक्षियों को नालों, बड़ी नालियों और झाड़ियों के झुरमुट में देखा जा रहा है। इसके बाद फोटोग्राफी के शौकीन इन पक्षियों की तस्वीर लेने पहुंचने लगे हैं। दोनों पक्षियों की अपनी विशेषा है, ये दिखने में काफी सुंदर और छोटे होते हैं। इनकी मीठी आवाज लोगों को प्रफुल्लित करती है। पिट्टा जहां साउथ से ठंडी का अहसास पाने उड़ते हुए भिलाई और रायपुर पहुंचा है। वहीं मध्य प्रदेश का राजकीय पक्षी दूधराज भी भिलाई में हर साल गर्मी के दिनों में आता है। इसे लेकर प्रतिवर्ष पक्षी प्रेमियों की जिज्ञासा बनी रही है। इस बार भी वे इन पक्षियों को देखने को लेकर खासे उत्साहित हैं। फिलहाल कुछ विशेष जगहों पर ही ये पक्षी नजर आ रहे हैं।

अतुल अग्रवाल ▶▶भिलाई

पिट्टा को नवरंग, कठपुतली, हरियल जैसे नामों से भी पहचाना जाता है। यह एक छोटी, रंग-बिरंगी और आकर्षक चिड़िया है, जिसे जंगल की गुड़िया भी कहा जाता है। इसके शरीर पर नीले, हरे, पीले, काले और सफेद रंग की चमकदार धारियां होती हैं। इसकी आवाज़ तीखी और मधुर होती है, जो व्हीट-व्हीट या पिट-पिट जैसी लगती है। इन पक्षियों का गर्मियों में प्रजनन काल होता है। हिमालय की तराई, पश्चिमी घाट और उत्तर-पूर्वी भारत में पाई जाती है। सर्दियों में दक्षिण भारत और श्रीलंका की तरफ प्रवास करती है। गर्मियों के दिनों में यह उत्तर का रुख करती हैं। इस दौरान ही इनका आगमन कुछ समय के लिए भिलाई में होता है। यह घने जंगलों, झाड़ियों और नम मिट्टी वाले क्षेत्रों में रहती है। यह चिड़िया ज़्यादातर जमीन पर ही कीड़े-मकोड़े ढूंढती है और फुदकती हुई चलती है। इसका घोंसला जमीन से कुछ ऊँचाई पर पेड़ों या झाड़ियों में होता है। यह शर्मीली प्रवृत्ति की होती है, इसलिए इसे देख पाना मुश्किल होता है। इस बार ये भिलाई में नजर आ रही है। बर्डस और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर कमलेश वर्मा और अनूप नायक बताते हैं कि वयस्क होने पर नर दूधराज ऐसे दिखता है। नर चिड़ियां की पूंछ लंबी होती है और सफेद रंग की होती है। वहीं मादा की अपेक्षाकृत छोटी होती है, जो कि काफी आकर्षक होती है। हर साल ये पक्षी सैकड़ों किलोमीटर का सफर कर भिलाई के टाउनशिप में कुछ समय के लिए आते हैं, जिनका हम सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस बार भी इनका आगमन हो गया है। हम प्रतिदिन इन पक्षियों की तस्वीर लेने की कोशिश में रहते हैं।



पिट्टा

### इंडियन पैराडाइज फ्लाई कैचर भी कहा जाता

विशेषज्ञों ने बताया कि दूधराज को इंडियन पैराडाइज फ्लाई कैचर भी कहा जाता है। सीजन में यह पहला अवसर है जब यह पक्षी यहां दिखाई दिया है। देखने में यह पक्षी बहुत ही सुंदर और आकर्षक है। दूधराज पक्षी जिसे सुल्ताना बुलबुल भी कहा जाता है। इसका सिर चमकीला और चोंच छोटी गोल व पतली गहरे नीले रंग की होती है। इनकी आंख पर भी गोल नीले रंग की रिंग पाई जाती है। नर पक्षी की पूंछ की लंबाई शरीर से चार गुना लंबी होती है, जबकि मादा पक्षी की पूंछ अपेक्षाकृत छोटी होती है। नर व मादा पक्षी का रंग किशोरावस्था में एक जैसा होता है, लेकिन वयस्क होने पर नर का रंग दूध जैसा सफेद हो जाता है जिसके कारण ही इसे दूधराज कहा जाता है। दूधराज के 2 रूप होते हैं। दूधराज का एक रूप जिसमें नर केसरिया लाल और भूरे रंग में दिखाई देता है। दूसरा रूप में नर सफेद व भूरे रंग में दिखाई देता है। दूधराज का मुख्य भोजन फल, कीट पतंगे, तितलियां, मक्खियां व अन्य कीट होते हैं। ये अपना घोंसला पेड़ों की ऊंचाई पर घास के तिनकों व छोटी टहनियों से मिलकर बनाते है। विशेषज्ञों ने बताया कि ये मोनोगमस होते हैं। अभी इनका प्रजनन का समय है।

### 240 से ज्यादा प्रजातियों के पक्षी अलग-अलग समय में आते हैं दुर्ग

आपको जानकर आश्चर्य होगा कि देश-दुनिया की पक्षियों की 240 से ज्यादा प्रजातियों के लाखों पक्षी हर साल ठंड में दुर्ग जिले में पहुंच रहे हैं। ये पक्षी ठंड, गर्मी और बारिश के समय में आते हैं। दुर्ग जिले के 8 वेटलैंड में इनका अस्थाई आशियाना बनाते हैं। इन वेटलैंड में गिधवा, परसदा, एरमसाही, मुरकुटा, बेलौदी, चीचा, अचानकपुर, सांतरा शामिल हैं। भिलाई के टाउनशिप के अलावा सेलूद में भी विदेशी पक्षी पहुंच रहे हैं। ठंड के दिनों में वेटलैंड में यूरोप, मंगोलिया, उत्तरी चीन, दक्षिणरूस, साइबेरिया, उत्तरी अमेरिका, आस्ट्रेलिया, अफ्रीका, इंडोनेशिया, ईरान, म्यांमार, थाईलैंड जैसे देशों के पक्षी लंबा सफर कर दुर्ग पहुंच रहे हैं। मुख्य रूप से पोचर्ड, नॉर्थन, शॉलेवर, गढवाल, गारगने, रेड नेप्ड, आइबिल, ब्लैक हेड जैसे विदेशी मेहमान आ रहे हैं। बेमेतरा के गिधवा-परसदा को इस बार रामसर साइट में शामिल किया जाना था, लेकिन फिलहाल शामिल नहीं किया गया है।



पिट्टा



नर दूधराज



मादा दूधराज

---

# भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल बंद करने उठी मांग, 25 से होंगे बंद

**भिलाई।** भीषण गर्मी के बीच अब भी स्कूलों का अब भी संचालन हो रहा है। इसे देखते हुए सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने स्कूलों को बंद करने की मांग की है। इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इधर शासन ने 25 अप्रैल से स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया गया है। स्कूल 16 जून से खुलेंगे। भाजपा के महेंद्र प्रताप सिंह ने राज्य शासन से मांग की है कि समूचे छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों में तत्काल छुट्टी घोषित कर दी जाए। प्रदेश के कई स्थानों में पारा 42 डिग्री से ऊपर जा चुका है। इसके बावजूद स्कूलों का संचालन लगातार किया जा रहा है, जो बच्चों की जान को जोखिम में डालने जैसा है। इसी प्रकार पूर्व नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सीजू एंथोनी ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्कूल बंद करने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावकों तथा शिक्षकों ने भी सोशल मीडिया पर अपने बच्चों के स्वस्थ के प्रति चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि स्कूल के बाद घर आने तक तेज धूप में बच्चे बस मे भी गर्मी में झुलसते रहते हैं।



### पूर्व विधायक अरुण वोरा ने भी उठाई मांग

पूर्व विधायक अरुण वोरा केंद्रीय विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों और शिक्षकों से मुलाक़ात कर वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी को लेकर उनकी स्थिति को जाना। स्कूल परिसर में बच्चों की हालत देखकर उन्होंने गहरी चिंता जताई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व जिला प्रशासन से इस प्रचंड गर्मी में सभी प्रशासनिक एवं निजी स्कूलों को बंद करने का अनुरोध किया। वोरा ने कहा कि इस वर्ष जलवायु परिवर्तन के चलते मार्च महीने से ही गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया, जो अब अप्रैल में और विकराल हो गई है। तापमान लगातार 44 डिग्री के पार जा रहा है।

# हरीश को मिला रक्तवीर व माटीपुत्र सम्मान, 40 बार कर चुके रक्तदान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ अभिव्यक्ति मंच द्वारा कनेरी बालोद में वार्षिक स्नेह, राज्य स्तरीय रक्तदान एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें दुर्ग जिले के हरीश साहू को माटी पुत्र सम्मान से नवाजा गया। प्रदेश संयोजक चंद्रशेखर परघनिया ने बताया कि हरीश साहू हर कला क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। अभिनय, उद्घोषक, रक्तदान, गायन, कराते, समाजसेवा और प्रसिद्ध कथा वाचक के रूप में भी उभरे हैं। प्रदेश अध्यक्ष गणेश यदु ने कहा कि हरीश साहू सरल, सहज व मृदुभाषी हैं। समाजसेवा के क्षेत्र में उन्होंने 40 बार रक्तदान किया है, जिसके लिए उसे रक्तवीर सम्मान से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में तकनीकी संयोजक राजेश साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सोहन साहू, संजय मैथिल, रवि मुठेल, सुमित यादव, चंदू साहू, ताराचंद साहू सहित अन्य मौजूद थे।



---

**उमरपोटी में आध्यात्मिक प्रवचन का आज दूसरा दिन, 5 मई तक आयोजन**

# 13 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन के पहले दिन निकली कलश यात्रा, श्रीश्वरी देवी बोलीं-आंनद प्राप्ति है जीव का परम लक्ष्य

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जगद्गुरु कृपालुजी महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी देवी का 13 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन मंगलवार को उमरपोटी स्थिति श्रीजी पैलेस में शुरू हुआ। इससे पहले नगर भ्रमण को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। तालाब से जल लाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। 5 मई तक चलने वाले इस आध्यात्मिक प्रवचन में पहले दिन की कथा शाम 6 से रात 8 बजे के मध्य हुई। प्रवचन के पहले दिन देवी श्रीश्वरी ने वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया कि 84 लाख प्रकार की योनियो में मनुष्य शरीर सर्वश्रेष्ठ है। क्योंकि भगवान ने मनुष्यों को ज्ञान शक्ति दी। कर्म करने की शक्ति प्रदान की, जिससे ईश्वर रूपी अंश को जाना जा सकता है। अगर मनुष्य देह पाकर ईश्वर रूपी आनंद को प्राप्त नहीं किया, तो मनुष्य शरीर छूटने पर 84 लाख प्रकार की हीन योनियों में भटकना पड़ेगा। विश्व का प्रत्येक जीव एकमात्र आनंद ही चाहता है। वह आनंद कहां है? कैसे मिलेगा? इसी के लिए अनवरत प्रयासरत है। क्योंकि जीव ईश्वर का अंश है। रामायण में भी कहा गया है- ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख राशि। और वेदों के अनुसार रसो वै सः अर्थात ईश्वर ही आनंद है, वही रस है। इसीलिए प्रत्येक जीव ईश्वर का सनातन अंश होने के कारण अनादिकाल से आनंद की खोज में लगा हुआ है।



### हम सभी जीव चाहते हैं केवल ईश्वर को इसलिए आध्यात्म जरूरी

श्रीश्वरी देवी ने कहा कि यह निर्विवाद सिद्ध होता है कि हम सभी जीव केवल ईश्वर को ही चाहते हैं, क्योंकि हम प्रतिक्षण सुख पाने की होड़ में लगे हुए हैं। परंतु इसके विपरीत हमारे वेद यह भी बताते हैं, कि विश्व का प्रत्येक जीव नास्तिक है यह महान आश्चर्य है और कैसे है? यह आगे प्रवचन में बताया जाएगा। प्रवचन श्रृंखला धारावाहिक होने से प्रतिदिन सुनना अनिवार्य होगा। आध्यात्मिक प्रवचण का 23 अप्रैल को दूसरा दिन है। इस दिन भी शाम को 6 बजे से रात 8 बजे तक कथा होगी। इसमें आसपास के भक्त बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

### विश्व में प्रत्येक जीव आस्तिक बस समझने की आवश्यकता

उन्होंने प्रवचन में बताया कि वेद कहते हैं कि विश्व का प्रत्येक जीव आस्तिक है। इस उक्ति को एक उदाहरण के माध्यम से समझाया गया जैसे कोई नवजात शिशु है, वह जन्म लेते ही पहले रोता है। क्योंकि जन्म के समय जो कष्ट होता है। उसे वह नहीं चाहता, इसलिए रोकर उस दुःख को दूर करने का प्रयास करता है। ऐसे ही किसी विद्यार्थी से पूछा जाए कि तुम पढ़ाई क्यों कर रहे हो, वह कहेगा कि परीक्षा में पास हो जाएं, हमारी अच्छी जॉब लग जाए। फिर पूछा जाए इससे तुम्हें क्या मिलेगा? वह कहेगा सुख मिलेगा खुशी मिलेगी तो यह सब सुख, खुशी, हैप्पीनेस, शांति आदि ईश्वर के ही पर्यायवाची शब्द है।



सिटी इवेंट

## नेहरू नगर व्यापारी संघ ने शुरू किया सदस्यता अभियान



**भिलाई।** नेहरू नगर व्यापारी संघ साडा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स क्षेत्र नेहरू नगर पूर्व में व्यापारियों की समस्याओं का प्रत्यक्ष रूप से निरीक्षण एवं समाधान के लिए स्थल निरीक्षण किया। अध्यक्ष देविंदर सिंह भाटिया, कार्यकारिणी सदस्य योगेश बंसल, सदस्य सन्मुख रावजी, रवींद्र अग्रवाल, अधिवक्ता अरविंद ताम्रकार, डॉ. राजेश सांवले प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस दौरान खुले में मदिरा सेवन, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, लंबे समय से पेड़ों की छंटाई न होना, पार्किंग स्थल के पेवर ब्लॉक का मेंटेनेंस सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई।देविंदर भाटिया ने कहा कि नेहरू नगर क्षेत्र का यह शॉपिंग कांप्लेक्स 40 वर्ष पूर्व स्थापित हो गया था, लेकिन अब तक शासन ने इस व्यावसायिक क्षेत्र को विकास नहीं किया है। सन्मुख राव ने बताया कि इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को पत्राचार किया गया है। जल्द ही व्यापारी संघ का प्रतिनिधि मंडल आयुक्त और कलेक्टर से मिलेगा। इस अवसर पर व्यापारियों ने नेहरू नगर व्यापारी संघ की सदस्यता ग्रहण की। भाटिया ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु लगातार सक्रिय हैं।

- समस्याओं पर भी चर्चा की गई

लाइव इवेंट

## समाज सेवा के लिए डॉ. नायडू का प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मान



**भिलाई।** दो दिवसीय बोरिया रंग महोत्सव और मंडई मेला का आयोजन ग्राम बोरिया (बेरला) में आयोजित हुआ। सतनाम चौका, रामधुनी ,खड़ेसाज, पंड़वानी, पंथी नृत्य,खंजेरी वादन, नाचा गम्मत,सतनाम भजन, भरथरी, जसझांक, आल्हागीत,आदिवासी नृत्य, रंग सरोवर, हरिकीर्तन कार्यक्रम दो दिनों चला। इस दौरान बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने समाज सेवी डॉ वाई अप्पल नायडू को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान डॉ नायडू को उनके द्वारा किए जा रहे नस नाडी के पद्धति से लोगों का उपचार लंबे समय से करते आ रहे है।

समाज इवेंट

## विश्व कल्याण के लिए त्रिशरण, पंचशील, बुद्ध, धम्म वंदना



**दुर्ग।** आईएचएसडीपी कॉलोनी वाम्बे आवास उरला में विश्व कल्याण के लिए सुबह 8:30 बजे सामूहिक त्रिशरण, पंचशील ,बुद्ध वंदना, धम्म वंदना व संघ वंदना का शील ग्रहण का कार्यक्रम हुआ। शाम के समय बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता हुई। महिलाओं के लिए डांस प्रतियोगिताएं वह अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसके बाद रात में गुरुद्वारा सिख सभा के अध्यक्ष अरविंद सिंह खुराना के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर प्रकाश डाला। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मेश्राम, योगेंद्र बबलू चौरे, रत्नमाला भौतिक, सविता मेश्राम, सुरेश श्याम, राजकुमार खोबरागड़े, एनके नारनवरे, सुनील श्याम कुमार, अनिल वासनिक उपस्थित थे। अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। समाज के प्रतिभावान भी सम्मानित किए गए। समिति की उपाध्यक्ष सीमा गजभिए, मीना नारनवरे, पंचशीला बोरकर, सारिका रामटेके, सविता मेश्राम, गीता बारमाटे सहित अन्य मौजूद थे। इससे पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## रेल श्रमिक यूनियन ने रिक्त पदों में उठाई नियुक्ति की मांग, रेलवे बोर्ड को सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** रेल श्रमिक यूनियन ने रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग उठाई है। संगठन के अध्यक्ष नसीर अहमद ने कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे केन्द्रीय कर्मचारी सहकारी समिति का मुख्यालय कोलकाता है।बिलासपुर जोन के बिलासपुर, रायपुर, नागपुर में शाखा कार्यालय है। इसी तरह रेल के अन्य मण्डल में भी बैंक की शाखाएं संचालित है, जिसमें लगभग 1.20 हजार शेयर धारक हैं। संचालक मण्डल द्वारा बिना अधिसूचना जारी किए रिक्त पदों पर कर्मचारी नियुक्त कर लिये जाते हैं। इसके कारण शेयर धारकों में अनियमितता की आशंका बनी रहती है। इसलिए अर्बन बैंक में होने वाली नियुक्तियों के लिए अधिसूचना जारी कराने हेतु रेल प्रबंधन को अवगत कराया गया। मांग की गई इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसका निराकरण किया जाए।

साइंस कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यशाला, इस बार की थीम हमारी पृथ्वी हमारी शक्ति

# वनों की अंधाधुन कटाई, सीएफसी गैसों का उपयोग, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और ग्लोबल वार्मिंग से धरती को नुकसान

## नो अर्थ नो बर्थ

**भिलाई।** विश्व पृथ्वी दिवस पर एक अनोखा कार्यक्रम साइंस कॉलेज दुर्ग में आयोजित किया गया। इस दौरान विषय विशेषज्ञों ने बताया कि पृथ्वी दिवस दुनिया के 190 से ज्यादा देश एक साथ मना रहे हैं। इस विशेष दिन की यह 55वीं वर्षगांठ है। पृथ्वी के संरक्षण के लिए हम सभी को अपनी क्षमता अनुसार सहयोग करना चाहिए।

हमें जल, वायु, मृदा तथा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हर संभव उपाय करने की आवश्यकता है। ये बातें शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसएन झा ने कहीं। डॉ. झा ने महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित समारोह में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को वर्तमान समय की नितांत आवश्यकता बताया। डॉ. झा ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों से अपने-अपने घरों से रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. विकास स्वर्णकार ने विश्व पृथ्वी दिवस से संबंधित रोचक जानकारी प्रदान की।



### विश्व पृथ्वी दिवस की 22 अप्रैल 1970 को हुई शुरुआत

भूगर्भशास्त्र विभाग के डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस मनाने की शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को हुई। इसका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी के संरक्षण के प्रति समूचे विश्व को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस की थीम हमारी पृथ्वी हमारी शक्ति रखा गया है। डॉ. श्रीवास्तव ने एक क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों से पृथ्वी से संबंधित अनेक रोचक प्रश्न विद्यार्थियों से पूछे, जिसका उत्तर देते हुए अन्य विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि हुई।

### धरती को सुरक्षित रखना है तो सामूहिक प्रयास आवश्यक

भूगर्भशास्त्र के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. इन्द्रजीत साकेत ने बताया कि लगभग 190 से अधिक देशों में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इसकी आज 55 वीं वर्षगांठ हैं। डॉ. साकेत ने पृथ्वी के संरक्षण के विभिन्न उपायों की भी विस्तार से चर्चा की। भूगर्भशास्त्र के स्नातक स्तर के विद्यार्थी भूपेश वर्मा तथा झलक मिश्रा ने अपने प्रस्तुतिकरण में वनोन्मुलन, सीएफसी गैसों का प्रयोग, प्राकृतिक संसाधनों का अत्याधिक दोहन तथा ग्लोबल वार्मिंग को पृथ्वी के लिए हानिकारक बताते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने–अपने स्तर पर पृथ्वी के संरक्षण हेतु प्रयास करना चाहिये।

### पानी की बर्बादी रोकें, इस्तेमाल के दौरान बरतें सावधानी

विषय विशेषज्ञों ने कहा कि हमें व्यर्थ बहते जल तथा व्यर्थ में विद्युत की खपत पर नियंत्रण लगाना चाहिये। बताया गया कि दुनिया के कई देश आज भीषण जलसंकट से जूझ रहे हैं। आस्ट्रेलिया में कई शहर बूंदबूंद पानी को तरस रहे हैं। पानी सीमित संसाधनों में हैं, जहां हैं, वहां इसका अंधाधुन दोहन हो रहा है। कहीं कोई मॉनीटरिंग नहीं हो रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. एसएन झा को भूगर्भशास्त्र विभाग की ओर से स्मृति सिन्ह भेंट किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विकास स्वर्णकार ने किया।

## छात्र-छात्राओं ने ड्राइंग बनाकर और स्लोगन लिखकर दिया जागरूकता का संदेश



**दुर्ग।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों में ड्राइंग बनाकर और स्लोगन लिखकर के जन जागरूकता का मैसेज संदेश दिया। छात्रों ने अपील की कि हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर पेड़ों का क्यूआर कोड बारकोड तैयार करने का छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। यह आयोजन विज्ञान विभाग के गीता माली एवं राजेश कुमार ने किया। विद्यालय में स्थित 50 से अधिक पौधों का क्यूआर कोड बनाया गया। क्यूआर कोड के माध्यम से स्कैन करके पेड़ों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्राचार्य उमाशंकर मिश्रण ने कहा-हम सबको पृथ्वी को बचाने के मूवी में आगे आना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए। हमने विद्यालय में छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया है कि वह अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाए। अगर यह संकल्प शहर गांव और देश का हर व्यक्ति ले ले तो यह प्रकृति हरी-भरी हो सकती है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को गुलमोहर का पेड़ उपहार स्वरूप भेंट किया गया।



नागरिक सेवा दिवस...

## नागरिक सुविधा सर्वोपरि, उनकी शिकायत सुनें और करें समाधान



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में नागरिक सेवा दिवस मनाया गया। निगम सभागार में आयुक्त राजीव पाण्डेय ने सभी अधिकारी और कर्मचारियों को नागरिक दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान आयुक्त ने कहा कि नागरिक सेवा करने का अवसर सभी को नहीं मिलता है। यदि यह अवसर हमें मिला है तो हमारा प्रयास होना चाहिए कि नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार करें। सर्वप्रथम उनकी जो समस्या है, उसको सुना जाए। इससे उनको भरोसा मिलता है, जो काम खुद के करने लायक हों, उसका निराकरण तुरंत कर देना चाहिए। अनावश्यक उसे दोबारा नहीं बुलाना चाहिए। अपने से नहीं हो सकता है तो उच्च अधिकारियों को भी सूचित करना चाहिए। शासन का निर्देश है कि हमें समय अवधि के अंदर सभी कार्यो का संपादन करना है। समय पर आफिस आएं, अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सरकार इसी कार्य के लिए वेतन देती है, जिससे हमारा परिवार चलता है। आयुक्त ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आए आवेदनों की समीक्षा की। सभी का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, रवि सिन्हा, कुलदीप गुप्ता आदि मौजूद थे।



## ज्योति बया को पीएचडी की उपाधि



**भिलाई।** शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नातकोत्तर महिला स्वशासी महाविद्यालय रायपुर के समाजशास्त्र की शोधकर्ता छात्रा ज्योति बया को पीएचडी की उपाधि मिली है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा उनके शोध का विषय गोधन न्याय योजना का समाजशास्त्री अध्ययन पर किये गए शोध कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। विभाग के प्राध्यापक डॉ . मनीषा महापात्र के निर्देशन में किए गए शोध में गोधन न्याय योजना हितग्राहियों, महिलाओं के आर्थिक , सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया है।

बढ़ती गर्मी को देखते हुए लिया निर्णय

## बताशा और चना खिलाना मेहमान के सम्मान का प्रतीकः सत्यप्रकाश



**भिलाई।** भोजपुरी परिषद ने भीषण गर्मी को देखते हुए पावर हाउस चौक पर राहगीरों को राहत देने बताशा काउंटर खोला। भिलाईनगर के सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी इस पुनीत कार्य में सहभागी बने। चना और ठंडा पानी भी लोगों को पिलाया जा रहा है। मंगलवार की सुबह पावर हाउस चौक भिलाई में भीषण गर्मी को देखते हुए हजारों राहगीरों को सुबह से ही बताशा और चना खिलाकर ठंडा जल पिलाया गया। सत्य प्रकाश तिवारी ने अपने हाथों से बताशा और चना का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने की। विशेष अतिथि संरक्षक संजय ओझा व प्रमुख सलाहकार निशिकान्त शर्मा थे। कार्यक्रम के मुख़्य अतिथि तिवारी ने कहा कि बताशा खिलाकर जल पिलाना घर में आए मेहमान के आदर व सम्मान का प्रतीक है। ऐसा पुनित कार्य हर सामाजिक सस्थाओं को करना चाहिए। इससे शहर में हमेशा सामाजिक समरसता बनी रहे। इस अवसर पर प्रमुख़ रूप से परिषद के महासचिव बीपी सिंह, प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, संतोष शर्मा, प्रेम प्रकाश मिश्रा, मनोज चौधरी, सनोज चौधरी, पीयूष सिंह, मृत्युंजय भगत, सुरेन्द्र पांडे, सुमीत कुमार बैठा आदि उपस्थित थे।

**भोजपुरी परिषद ने भीषण गर्मी को देखते हुए पावर हाउस चौक में खोला काउंटर**

नगर निगम भिलाई के सभागार में एनडीआरएफ की टीम ने दिया प्रशिक्षण

# हार्ट अटेक के मामले तेजी से बढ़ रहे, ऐसे में मरीज की जान बचाने सही तरीके से सीपीआर का उपयोग जानना आवश्यक

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। निगम सभागार में आयोजित इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्देश्य निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अप्रत्याशित रूप से आए आपदा के समय प्रारंभिक बचाव था। विशेषज्ञों ने बताया कि कोई भी समस्या बताकर नहीं आती, लेकिन सतर्कता एवं जानकारी रहने से बहुत कुछ कंट्रोल किया जा सकता है। समस्याएं कुछ प्राकृतिक होती हैं, जैसे बाढ़, भूकंप, सुनामी, बिजली चमकना एवं मानव निर्मित समस्या जैसे आगजनी, दुर्घटना, हार्टटेक, पानी में डूबना, लू लगना शामिल है। प्रशिक्षण में बताया गया कि अगर किसी को हृदय घात के लक्षण दिखे तो सीपीआर कैसे देना चाहिए, उन्हें सर्वप्रथम देखना चाहिए कि गले के नीचे सांस चल रही है कि नहीं।



### चोट लगे तो सबसे पहले खून रोकने के उपाय करें

एक्सपर्ट ने बताया कि यदि दुर्घटना हो जाए तो कहीं से खून बह रहा है, तो उसे साफ कपड़े से डेटाल, साबुन जो भी उपलब्ध हो उससे अंदर से बाहर के तरफ साफ करके कपड़े से दबा देना चाहिए। इससे भी न रुके तो और कपड़ा लगाकर पटटी बांध देना चाहिए। यदि बिजली गिरने की संभावना है तो यह प्रयास करना चाहिए कि पानी, पेड़, विघुत उपकरण, मोबाइल, टीवी इत्यादि से दूर रहना चाहिए। घर सबसे सुरक्षित स्थल है, अपने आप को संकुचित करके बचा लेना चाहिए। पूरा प्रयास हो कि शरीर से जमीन का अर्थिगं न मिले। संयोग से यदि कार में बैठे हो तो उसके अंदर ही रहना चाहिए, बाहर नहीं निकलना चाहिए। यदि नहीं चल रही तो उसे मुंह से सांस देने की प्रक्रिया, किस प्रकार से इंसान को लेटाकर छाती के नीचे हाथों से 30-30 बार दबाना चाहिए। इस प्रकार कुल 5 बार दबाना चाहिए। इससे व्यक्ति को होश आने की संभावना बढ़ जाती है। इसके बाद उसे तुरंत डॉक्टर को बुलाना चाहिए। प्रारंभिक उपचार कर देने से जीवन बचने की संभावना बढ़ जाती है। डेमोस्ट्रेशन के जरिए लोगों को आपदा से निपटने के उपाय बताए गए। प्रशिक्षण देने एसआई विकास शर्मा, हेड कांस्टेबल के मधुसूदन, आसदीप त्रिपाठी, दीपक डंगडन आदि मौजूद थे।

### सिलेंडर में लगे आग तो कंबल को गीला कर ढक दें

घर में यदि एलपीजी सिलेण्डर में आग लगे तो घबराना नहीं चाहिए। घर में कंबल को गीला करके ढक देना चाहिए। बिजली का उपकरण से सार्ट सर्किट हो तो सर्वप्रथम मेन कनेक्शन से कट आउट निकाल देना चाहिए। भूलकर भी पानी नहीं डालना है और हो सके तो उस पर रेत फेंकर बुझा देना चाहिए। अगर कोई पानी में डूब रहा है तो उसे बचाने के लिए रस्सी, लकड़ी या अन्य उपकरण को उसको पकड़ाकर बचाना चाहिए। सांप, कुत्ते के काटने पर घबराना नहीं चाहिए, लगभग 11 प्रकार के सांपों की प्रजाती होती है। उसमें 2 प्रजाती के सांप ही जहरीले होते हैं। घबराहट से इंसान को ज्यादा नुकसान होता है। झाड़ फूंक, बैगा आदि से बचना चाहिए। घबराहट से ही जहर फैलता है, जितना जल्दी हो सके उस जगह को बलड सर्कुलेशन को बांध देना चाहिए और डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।



## सिटी स्पोर्ट्स

### बिलासपुर और जांजगीर ने जीत के साथ जगह बनाई एलिट ग्रुप में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से सीनियर प्लेट ग्रुप टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट 2025 में बिलासपुर ब्लू एवं जांजगीर चांपा ने सेमी फायनल मैच में जीत दर्ज कर एलिट ग्रुप में प्रवेश किया। पहला सेमी फायनल मैच बिलासपुर ब्लू एवं जशपुर के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान रायपुर में खेला गया। जिसमें जशपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बिलासपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 146 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से रोहित नेतानी ने सर्वाधिक 63 रनों का योगदान दिया। वहीं जशपुर की ओर से आयुश सिन्हा ने 3 विकेट तथा पवन राम ने 2 विकेट प्राप्त किये। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जशपुर की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 125 रन ही बना पायी। जशपुर की ओर से सुनिल बेहरा ने सर्वाधिक 44 रन नाबाद बनाये तथा बिलासपुर ब्लू की ओर से वासुदेव बरेठ ने 4 विकेट तथा परिवेश धर ने 2 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने मैच 21 रनों से जीत लिया। दूसरा सेमी फायनल मैच रायगढ तथा जांजगीर चांपा के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। जिसमें रायगढ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 18.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर मात्र 93 रन ही बनाये। रायगढ की ओर से राहुल नायक ने सर्वाधिक 24 रन बनाये। जांजगीर चांपा की ओर से आदित्य यादव ने 4 विकेट तथा दुर्गेश सोनवानी ने 3 विकेट चटकाये। 94 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जांजगीर चांपा ने 16.5 ओवरों में 4 विकेट खोकर आसानी से 94 रन बना लिये तथा मैच 6 विकेट से जीत लिया। जांजगीर चांपा की ओर से आयुष शर्मा ने नाबाद 27 रन बनायें रायगढ की ओर से परमात्मा पांडे ने 2 विकेट प्राप्त किये। जांजगीर चांपा ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### राजसिंह डुंगरपुर ट्रॉफी का मुकाबला मध्य प्रदेश ने 10 विकेट से जीता



**रायपुर।** सेन्ट्रल जोन द्वारा राजसिंह डुंगरपुर अंडर-14 ट्रॉफी में सेन्ट्रल जोन की 6 टीमें छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा विदर्भ की टीम हिस्सा ले रही है। छत्तीसगढ़ का पहला मैच (20-21 अप्रैल) मध्य प्रदेश के विरुद्ध देहरादून में खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 79.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 217 रन बनाये। मध्य प्रदेश की ओर से युवराज सिंह चौहान ने 102 रन तथा केविन जोसेफ ने 44 रन बनायें। छत्तीसगढ़ की ओर से अंकुश कुमार ने 4 विकेट तथा आर्या ध्रुव ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 50 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 111 रन ही बनाए। जिसमें सोहम सिंह ने सर्वाधिक 27 रन बनाये। वहीं मध्य प्रदेश की ओर से प्रिंस कुमार ने 6 विकेट झटके। फॉलोआन खेलने उतरी छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 23 ओवरों में 10 विकेट खोकर 124 रन ही बना सके। छत्तीसगढ़ की ओर से अंकुश ने सर्वाधिक 33 रनों का योगदान दिया। वहीं मध्य प्रदेश की ओर से प्रिंस कुमार ने 3 विकेट प्राप्त किये। 19 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्य प्रदेश ने केवल 3 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 20 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया । मध्य प्रदेश ने 10 विकेट से जीत प्राप्त की।

### राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल में छत्तीसगढ़ की बालक टीम की जीत से शुरुआत




**रायपुर।** 68 वीं राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में 22 से 27 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ बेसबॉल 17 वर्ष के बालक-बालिका टीम भाग ले रहे है। छत्तीसगढ़ टीम के कोच अख्तर खान ने बताया कि उद्घाटन मैच में बालक टीम ने गुजरात को 05/01 से हराकर आगाज किया। जिसमें सूरज संतराम और यश योगेश ने अपनी टीम के लिए एक-एक रन बनाए। छत्तीसगढ़ बालक टीम का अगला मैच 25 अप्रैल को पूल की तीसरी टीम तेलंगाना से होगा। वही छत्तीसगढ़ बालिका टीम का पहला मैच 24 अप्रैल को गुजरात से और 25 अप्रैल को उड़ीसा से होगा। टीम के जीत पर सहायक संचालक अनिल मिश्रा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अवध चंद्राकर, बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष, दल के प्रमुख प्रबंधक मृत्युंजय शर्मा, दिनेश वर्गीस, विजय पांडेय, लखन देवांगन, अंकुर रजक, संदीप ग़ाहिरे, गीता यादव, तरन्नुम खान, प्राची शर्मा, नेहा यादव और योगेंद्र यादव ने शुभकामनाएं दी।

## शरीर में कैल्शियम की 'गंभीर कमी' कभी न आने दें

# कैल्शियम की कमी को हल्के में न लें, हड्डियों-दांतों के साथ आपके शरीर के लिए इसकी बेहद जरूरत

हड्डियों-दांतों में मौजूद होता है लगभग 95% कैल्शियम, पर इन दो चीजों के कारण से हो सकती है। हड्डियों-दांतों को स्वस्थ रखने के लिए बचपन से ही आहार में कैल्शियम वाली चीजों की मात्रा बढ़ाने की सलाह दी जाती रही है। यही कारण है कि सभी उम्र के लोगों, विशेषकर बच्चों-बुजुर्गों को रोजाना दूध जरूर पीना चाहिए। दूध से शरीर के लिए जरूरी कैल्शियम की अधिकतर मात्रा की पूर्ति की जा सकती है।

क्या आप जानते हैं कि हमारी हड्डियों-दांतों में पूरे शरीर का लगभग 90-95% कैल्शियम स्टोर होता है। हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए हमें रोजाना कैल्शियम की आवश्यकता होती है। इतना ही नहीं हृदय, मांसपेशियों और तंत्रिकाओं को भी ठीक से काम करने के लिए भी कैल्शियम जरूरी है। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि इससे कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के जोखिमों को कम करने में भी मदद मिल सकती है। पर क्या आप जानते हैं कि आपके खान-पान और लाइफस्टाइल की ही कुछ गड़बड़ियां शरीर में कैल्शियम मात्रा को कम कर सकती हैं?



### कैल्शियम की कमी के कारण

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कैल्शियम की मात्रा कैसे बढ़ाई जाए इसको लेकर तो हम सभी अक्सर चर्चा करते रहते हैं, पर क्या कभी इस बारें में सोचा है कि कुछ चीजों कैल्शियम को शरीर से बाहर भी निकाल सकती हैं। अध्ययनकर्ताओं ने बताया, जिन लोगों को किडनी की दिक्कतें होती हैं- जैसे रेनल फेलियर या क्रोनिक किडनी विकार वाले लोगों में कैल्शियम की कमी होने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। इसके अलावा शोधकर्ताओं ने बताया कि अगर आप नमक का अधिक मात्रा में सेवन करते हैं तो इससे भी कैल्शियम की कमी और हड्डियों को क्षति पहुंचने की समस्या हो सकती है।

### ज्यादा नमक है हानिकारक




तमाम अध्ययनों में विशेषज्ञ सलाह देते रहे हैं कि आहार में नमक की मात्रा कम करना जरूरी है। नमक की अधिकता के कारण ब्लड प्रेशर और हार्ट की दिक्कतों का खतरा हो सकता है। पर क्या आप जानते हैं कि अधिक मात्रा में नमक का सेवन पेशाब के माध्यम से कैल्शियम को बाहर निकालने लगता है। इसके अलावा नमक की अधिक मात्रा हड्डियों के क्षरण की समस्या को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को आहार में नमक की मात्रा कम से कम रखने की सलाह देते हैं।

### धूम्रपान से हो सकते हैं नुकसान

नमक की ही तरह से शरीर में कैल्शियम की मात्रा को प्रभावित करने के लिए धूम्रपान की आदत को भी एक कारक माना जाता है। सिगरेट में मौजूद निकोटीन हड्डी बनाने वाली कोशिकाओं, जिन्हें ऑस्टियोब्लास्ट कहा जाता है उसके उत्पादन को धीमा कर देता है। धूम्रपान से शरीर में कैल्शियम का अवशोषण भी कम हो जाता है, जो महत्वपूर्ण सेलुलर कार्यों और हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए




आवश्यक है। यानी कि कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाने के लिए नमक का सेवन कम करना और सिगरेट से बिल्कुल दूरी बनाना जरूरी है।

### कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाने पर दें ध्यान

अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि हड्डियों और दांतों को स्वस्थ रखने के लिए कैल्शियम का सेवन बढ़ाना तो जरूरी है ही साथ ही इस बात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को कैसे बढ़ाया जा सकता है? इसके लिए जरूरी है कि कैल्शियम के साथ आहार में विटामिन-डी वाली चीजों को भी शामिल किया जाए। पर्याप्त मात्रा में विटामिन-डी के बिना, हमारा शरीर ठीक तरीके से इस पोषक तत्व को अवशोषित नहीं कर पाता है।



## गर्मियों में घर से बाहर निकलना हो चुका बंद तो इन एक्टिविटी से खुद को रखें फिट

गर्मियों के दिनों में सुबह होते ही तेज धूप निकल आती है जो देर शाम तक ही जाती है। ऐसे में लोगों का घर से निकलना आमतौर पर बंद हो जाता है और इसका सबसे बड़ा प्रभाव लोगों की सेहत पर पड़ता है। असल में गर्मियों में शारीरिक रूप से सक्रिय रह पाना मुश्किल हो जाता है और इसके कारण कई सारी समस्याएं पेश आती है। ऐसे में अगर आपके लिए भी इन दिनों खुद को फिट रहना मुश्किल हो रहा है तो यह आर्टिकल आपके काम आ सकता है।

यहां हम आपको कुछ ऐसी ही गतिविधियों के बारे में बता रहे हैं, जो गर्मियों में आपको एक्टिव और फिट बनाए रखने में मददगार हो सकते हैं। असल में गर्मियों में घर से बाहर निकलकर रनिंग और एक्सरसाइज जैसी दूसरी एक्टिविटी करने में मुश्किल पेश आती है। इसलिए इन दिनों के लिए ऐसी एक्टिविटी बेहतर होती हैं, जिन्हें घर में आसानी से किया जा सके। यहां हम ऐसी ही एक्टिविटी के बारे में बता रहे हैं, जिन्हे आप घर में आसानी से कर सकते हैं।

### ताई ची मार्शल आर्ट




'ताई ची' एक चीनी मार्शल आर्ट है जो आत्मरक्षा के साथ-साथ लाभ के लिए भी जाना जाता है। बता दें कि 'ताई ची' को 'शैडो बॉक्सिंग' के नाम से भी जाना जाता है। असल में इसमें प्रतिकात्मक रूप में मार्शल आर्ट की विभिन्न मुद्राएं की जाती हैं, इसके साथ रही ध्यान को केंद्रित करने का प्रयास किया जाता है। ऐसे में यह शारीरिक और मानसिक दोनों ही रूप से स्वास्थ्य के लाभकारी सिद्ध होता है। ताई ची के दौरान आपको हाथों और पैरों को धीरे-धीरे से मूव करना होता है। इस दौरान संतुलन साधते हुए शरीर को स्थिर करना पड़ता है। ऐसे में ताई ची के अभ्यास से शरीर में लचीलापन आता है और आपका बॉडी पोस्चर बेहतर होता है। सबसे अच्छी बात यह है कि आप इसे घर में आसानी से कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए आपको किसी मार्शल आर्ट विशेषज्ञ से इसका अभ्यास सीखना होगा।

### एक्वा एरोबिक्स

गर्मियों में अगर आपको हेवी एक्सरसाइज में पसीना बहाना अच्छा नहीं लगता है तो फिर आपके लिए एक्वा एरोबिक्स अच्छा विकल्प हो सकता है। दरअसल, इसमें स्विमिंग पूल में पानी के अंदर एरोबिक्स एक्सरसाइज के मूवमेंट्स करने होते हैं। ऐसे में इससे मांसपेशियों को मजबूती मिलती है और बॉडी की फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है। वहीं पानी के अंदर रहने से शरीर का तापमान आसानी से कम हो जाता है, जिससे गर्मी से उपजी समस्याओं का खतरा कम होता है।

### बागवानी

गर्मियों में खुद को एक्टिव रखने के लिए बागवानी भी अच्छा विकल्प है। इसके जरिए आपको प्रकृति के साथ समय बिताने का मौका मिलता है, जो आपके मानसिक और शारीरिक सेहत के लिए लाभकारी होता है।



## एलआईसी की मंडल स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में प्रमोद और सृष्टि विजेता




**रायपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल की मंडल स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय रायपुर के क्रीडा एवं मनोरंजन कक्ष में किया गया। पुरूष वर्ग में शाखा कार्यालय राजनांदगांव के प्रमोद पाटिल एवं महिला वर्ग में शाखा कार्यालय भिलाई-2 की सृष्टि वर्मा विजेता बनी।इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल के प्रबंधक (आई.टी.) एवं सेलेक्शन समिति के चेयरमेन नीलमणी द्विवेदी थे एवं मंच पर रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन महासचिव सुरेंद्र शर्मा, सलेक्शन कमेटी के सदस्य अनुरोध शर्मा, क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की सचिव संध्या राज एवं मुख्य निर्णायक नेशनल अम्पायर रफीक अहमद उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता के परिणाम में पुरुष वर्ग प्रथम प्रमोद पाटिल (राजनांदगांव), द्वितीय ललित वर्मा (मंडल कार्यालय रायपुर), तृतीय सुभाष साहू (मंडल कार्यालय रायपुर),महिला वर्ग प्रथम सृष्टि वर्मा (भिलाई -2), द्वितीय अनुसूइया ठाकुर (मंडल कार्यालय रायपुर) , तृतीय मीनल त्रिवेदी (रायपुर-3), प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग में विजेता हुए खिलाड़ियों का चयन आगामी आयोजित होने वाली ₹मध्य क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता₹ के लिए किया गया है, जिसमे सम्पूर्ण मध्य क्षेत्र (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के 08 मंडल कार्यालय के पुरुष एवं महिला विजेता एवं सीधी पात्रता प्राप्त खिलाड़ी भाग लेंगे। मध्य क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ी भारतीय जीवन बीमा निगम की अखिल भारतीय कैरम प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगें। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक नेशनल अम्पायर रफीक अहमद एवं सहायक अम्पायर ए.एन. मणि थे। इस अवसर पर विजय तिरपुडे, मोहन साहू, अगेश्वर साहू, सूरज दीप एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति रायपुर के सह सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

## कच्चे आम की ऐसी चटनी आपने कभी खाई नहीं होगी

यदि आपको भी चटाकेदार भोजन करना पसंद है तो अपने खाने के साथ आम की चटनी तैयार करें। खट्टे आम की चटनी बनाने के लिए सबसे पहले तो कच्चे आम को अच्छी तरह से धोकर उसे छील लें। छीलने के बाद इसकी गुठली निकालकर इसे छोटा-छोटा काट लें। जब कच्चे आम को छोटे टुकड़ों में काट लें तो उसके बाद हरा धनिया और पुदीना भी अच्छी तरह से धोकर उसे भी काट लें। इसके बाद हरी



मिर्च को भी काट कर एक कटोरे में रख लें।

ब सारा सामान रेडी हो जाए तो एक ब्लेंडर में सभी सामानों को डाल दें। इसके बाद इसमें स्वाद के अनुसार नमक, काला नमक, भुना जीरा और हींग डालें। अब थोड़ा सा पानी डालकर इसे मिक्सी में चला दें। जब ये पूरी तरह से ब्लेंड हो जाए तो मिक्सी को बंद करके चटनी को एक कांच के बाउल में निकाल लें। चटनी को तैयार करने के बाद आप इसका सेवन घर की बनी चाट के साथ कर सकते हैं। भरवां पराठे के साथ भी ये कच्चे आम की चटाकेदार चटनी स्वादिष्ट लगेगी। इसके अलावा आप चाहें तो इसे दाल-चावल के साथ भी खा सकते हैं।

कार्नर न्यूज

## वक्त की पाबंदी का ध्यान रखें, सब कुछ ठीक होगा

# लंबे ब्रेक के बाद जिम जा रहे हैं तो कुछ जरूरी टिप्स याद रखें, मोटिवेशन के साथ आपकी राह होगी आसान

एक्टिव रहने के कई फायदे हैं। इससे दिल की सेहत से लेकर नींद की गुणवत्ता और दिमागी फंक्शन सब कुछ ठीक रहता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि जिम जाना हमेशा आसान होता है। लंबे समय के बाद जिम जाना मुश्किल भरा होता है। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे लॉन्ग वीकेंड के बाद ऑफिस वर्क करना। रूटीन टूटने के बाद सुबह-सुबह नींद खराब करना और जिम जाना अधिकतर लोगों को मुश्किल काम लगेगा। अगर आपके साथ भी कुछ ऐसा ही है तो जिम वर्कआउट / ट्रेनिंग के लिए कुछ मोटिवेशन टिप्स काम आ सकते हैं। यदि आप भी कल से जिम जाने का प्लान बना रहे हैं तो ये 'कल कभी नहीं आता..!' इसलिए आप अपनी फिटनेस जर्नी आज से ही शुरू कर दें। इसके लिए आपको जरूरत होगी मोटिवेशन की।

रेग्युलर जिम जाने पर भी आपका वर्कआउट में मन नहीं लग रहा तो साइकोलॉजिस्ट के बताए हुए ये टिप्स फॉलो कर सकते हैं। लेकिन यदि महीनों बाद जिम जाने का मन नहीं है और मोटिवेशन नहीं मिल रहा, तो नीचे दिए टिप्स फॉलो कर सकते हैं।



### समय पर सोएं

यदि आप अपने सोशल मीडिया अकाउंट को स्क्रॉल किए बिना सो नहीं सकते हैं, तो आपको इस आदत को बदलने की जरूरत है। क्योंकि सोशल मीडिया वजन कम करने में आपकी मदद नहीं करेगा, बल्कि इसके लिए आपको जिम जाना होगा।

नियमित तौर पर सुबह जिम जाने के लिए जल्दी सोना और जल्दी उठना होगा। नींद पूरी नहीं होने पर आप सोचते हैं कि आज सो लेता हूं कल पक्का जाऊंगा। लेकिन ऐसा कुछ दिन तक होने पर आप जिम नहीं जा पाते।

जब आप नींद पूरी कर लेते हैं तो अगले दिन थका हुआ, आलस्य या बेचैन महसूस नहीं करते। इसलिए, हर दिन समय पर सोने के लिए एक रूटीन बनाएं ताकि आप अगली सुबह जल्दी उठ सकें।

### एक जिम पार्टनर खोजें



फिटनेस रूटीन शुरू करना आसान है। लेकिन उसे लंबे समय तक फॉलो करना मुश्किल है। आप रेग्युलर जिम जाना चाहते हैं तो आपको एक जिम पार्टनर की जरूरत पड़ेगी।

पार्टनर के साथ जिम जाना अच्छा आइडिया है। किसी दोस्त को अपने साथ जिम जाने के लिए तैयार करें। या किसी ऐसे व्यक्ति से दोस्ती करें जो पहले से ही आपके जिम जाता है। फिर देखिए किस तरह आपका रूटीन लाइन पर आता है।

### घर के पास जिम खोजें

सुबह उठने के बाद यह ख्याल आना कि जिम तो दूर है, पहुंचने में देर लगेगी। या आज नहीं कल पक्का जाऊंगा, कल से जल्दी उठकर जिम जाऊंगा। ये गलत होगा। इसके लिए आप अपने घर के पास ही एक्सरसाइज के लिए जिम ज्वाइन करें। जिम पास में होने पर आपका समय बचेगा और वर्कआउट अधिक कर पाएंगे।

किसी का वजन न एक रात में बढ़ता है और न ही एक रात में कम होता है। इसलिए जिम जाने के तुरंत बाद किसी को भी रिजल्ट नहीं मिलता।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ट्रॉन एरेस का ट्रेलर अपलोड होते ही छा गया, इस साल अक्टूबर में रिलीज होगी



हॉलीवुड में साइंस फिक्शन फिल्में बड़ी तादाद में बनती हैं। इस लिस्ट में फिल्म ट्रॉनः एरेस का नाम भी शामिल है। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। ट्रेलर को दर्शकों ने काफी सराहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में इतना उत्साह है कि इसके ट्रेलर पर दो दिन में ही लाखों में व्यूज आ चुके हैं। डिज्नी की फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर सोशल मीडिया खासकर यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। इस फिल्म को दो दिन में लगभग आठ लाख व्यूज मिले हैं। 17 हजार कमेंट्स भी आए हैं। दर्शकों ने कमेंट सेक्शन में फिल्म को लेकर काफी उत्साह दिखाया है। फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर देखकर, इसके वीएफएक्स को देखकर दर्शक काफी प्रभावित नजर आए। कई ऐसे दर्शक हैं, जिनकी इस सीरीज की फिल्मों से बचपन की ढेर सारी यादें जुड़ी हैं। यूट्यूब पर रिलीज हुए ट्रेलर के कमेंट सेक्शन में एक यूजर लिखता है, 'ट्रॉन से मेरा बचपन जुड़ा है, मेरे दोस्त मुझे ट्रॉन कहकर बुलाते थे। मैंने यह ट्रेलर कितनी बार देखा, मुझे पता ही नहीं है। कृपया डिज्नी वालों से उम्मीद है कि इस आने वाली फिल्म को बेहतरीन बनाएंगे।' एक अन्य यूजर लिखता है, 'इस फिल्म की थीम पर बनी गेम को मैं 2018 में पीएस4 पर खेला करता था।' फिल्म ट्रॉनः एरेस के ट्रेलर को सराहते हुए कई कमेंट्स यूजर्स ने किए हैं। फिल्म ट्रॉनः एरेस को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। जहां तक इस फिल्म की रिलीज डेट का सवाल है तो यह 10 अक्टूबर 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भारत में भी हॉलीवुड फिल्मों का बड़ा बाजार है तो भारतीय दर्शकों को भी इस फिल्म का इंतजार है। यह फिल्म 'ट्रॉन' सीरीज की तीसरी कड़ी है।

### टॉलीवुड

## 'कुबेर' के गाने 'पोइरा मामा' से शुरू हुआ प्रमोशन, धनुष ने गीत को दी आवाज



साउथ अभिनेता धनुष की आगामी फिल्म 'कुबेर' का पहला गाना 'पोइरा मामा' रिलीज हो चुका है, जिसमें धनुष का डांस देखकर फैंस अपनी प्रतिक्रिया लगातार दे रहे हैं। इस गाने को एक साथ कई भाषाओं में रिलीज किया गया है।

'कुबेर' के निर्देशक शेखर कम्मुला हैं। इस फिल्म में धनुष के अलावा अक्किनेनी नागार्जुन भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। वहीं इसके पहले गाने 'पोइरा मामा' को धनुष ने अपनी आवाज से सजाया है। टीम ने आधिकारिक तौर पर पहले सिंगल ₹पोइरा मामा₹ की रिलीज के साथ फिल्म का प्रमोशन आज शुरू कर दिया है। धनुष ने गाने ₹पोइरा मामा₹ को खुद तेलुगु भाषा में गाकर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने को देवी श्री प्रसाद ने तैयार किया है। इस गाने के बोल को भास्कर भटला ने लिखा है। इस गाने की गंभीर थीम के बावजूद, यह ट्रैक फैंस को पसंद आ रहा है। इस गाने को जानी मास्टर ने कोरियोग्राफ किया है। इस गाने में धनुष के डांस मूव्स फैंस को बेहद पसंद आ रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'पूरी तरह ऊर्जा से भरा हुआ'', एक और फैन ने लिखा, ''भाई तुमने फिर से धमाल मचा दिया'' इस फिल्म में धनुष के साथ रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। कुबेर 20 जून, 2025 को कई भाषाओं में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## 'चार फेरे सात वचन' का दमदार टीजर पुलिस की वर्दी में आम्रपाली की धाकड़ एंट्री



निरहुआ और आम्रपाली दुबे की नई फिल्म 'चार फेरे सात वचन' के टीजर की चर्चा हो रही है। यह टीजर रिलीज होते ही फैंस के बीच छा गया है। जहां निरहुआ का रोल सस्पेंस भरा है, वहीं आम्रपाली दुबे पुलिस अफसर बनी हैं। फैंस दोनों की तारीफ कर रहे हैं। भोजपुरी फिल्मों की स्टार जोड़ी यानी दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे एक बार फिर फिल्मी पर्दे पर धमाल मचाएंगे। दोनों फिल्म 'चार फेरे सात वचन' में नजर आएंगे, जिसका टीजर हाल ही रिलीज किया गया। टीजर में निरहुआ आम्रपाली ने अपनी केमिस्ट्री से आग लगा दी है, और फैंस तारीफ कर रहे हैं। फिल्म में अक्षरा सिंह भी अहम किरदार में हैं। 'चार वचन सात फेरे' के टीजर की शुरुआत पुलिस की वर्दी में आम्रपाली दुबे से होती है। पुलिस अफसर बन आम्रपाली बाइक पर एंट्री करती हैं। दूसरी ओर निरहुआ को दिखाया जाता है। टीजर देखकर लग रहा है कि उनका रोल काफी सस्पेंस भरा होगा। उनकी दो शादियों का भी ट्विस्ट है। 'चार वचन सात फेरे' का टीजर देख फैंस ने तारीफ की है। एक ने लिखा है, 'अक्षरा सिंह और निरहुआ की जोड़ी हिट है।' एक और कमेंट है, 'मूवी तो एकदम ब्लॉकबस्टर होगी।' एक ने लिखा है, 'निरहुआ नंबर वन स्टार, धमाल मचा दिया।' फैंस अब इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'चार फेरे सात वचन' एक खूबसूरत प्रेम कहानी पर आधारित है, जो दर्शकों के दिलों को छू जाएगी। मेकर्स का दावा है कि उसमें रिश्तों की गहराई, वचनों की पवित्रता और जीवन के उतार-चढ़ाव को बड़ी ही खूबसूरती से दर्शाया गया है। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ का एक्शन अवतार भी नजर आएगा। वहीं, आम्रपाली दुबे एक धाकड़ पुलिसवाली के रोल में हैं।

### कल की फ़िक्र

### लाइफ स्टाइल



फैशन उद्योग में भी भविष्य की चिंता समाहित होती है। इस वजह से अब रिसाइकिल फैशन का चलन बढ़ते जा रहा है। दरअसल, सस्ते तरीकों और तकनीकों का इस्तेमाल करके बनाए गए कपड़ों का अत्यधिक उत्पादन और इनकी अत्यधिक खपत पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है। एक बार इस्तेमाल कर फेंक देने की आदत के चलते कपड़ों के कचरे का अम्बार बढ़ रहा है। ऐसे में अब लोग पुनः उपयोग, रीसाइकिलिंग और अपसाइक्लिंग करके फैशन को नए ढंग से अपना रहे हैं।

## बालों में मेहंदी लगाने के बाद रूखेपन से हैं परेशान, तो अपनाएं ये घरेलू उपाय

अगर आप भी बालों में मेहंदी लगाते हैं तो बालों को खराब होने से बचाने के लोए उन्हें नरिश करना चाहिए। इसलिए बालों में केवल मेहंदी लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि मेहंदी लगाने के बाद डीप कंडिशनरिंग भी करनी होगी। बालों में मेहंदी लगाने के बाद कैसे दें बालों को नरिशमेंट और बनाएं मुलायम व सिल्की, यह आपको जानना चाहिए।



### मिलाएं आंवला पाउडर और दही

मेहंदी लगाते समय ही आप बालों के डीप कंडिशनिंग का ख्याल रख सकते हैं। इसके लिए मेहंदी में आंवला पाउडर मिला लीजिए। इसमें दही या अंडे में से कोई एक चीज भी मिलाएं। इस तरह से मेहंदी लगाने से बालों में रूखापन नहीं आता। वैसे मेहंदी में आंवले का तेल या बादाम का तेल भी मिला सकते हैं।

### बालों में लगाएं दही का पैक

मेहंदी लगाने से बालों के रूखेपन को दूर करने के लिए दही का उपयोग करें। दही बालों के लिए रामबाण है, रूखेपन के अलावा बालों से डैंड्रफ को भी निकालता है। बालों में दही लगाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी दही में दो चम्मच ऑलिव ऑयल या नारियल का तेल मिला लें। फिर नींबू की कुछ बूंदें डालकर मिला लें। अब दही का ये मिश्रण बालों पर करीब आधा घंटा लगाकर छोड़ दें। बाद में माइल्ड शैंपू से बालों को अच्छे से धो लें।

### केले का हेयर पैक कैसे बनाएं

मुलायम बालों के लिए आप केले का हेयर पैक भी बना कर लगा सकते हैं। इसे बनाना आसान है। सबसे पहले एक केला, एलोवेरा और दो चम्मच कोई भी हेयर ऑयल लेकर मिक्सर में डालकर बारीक पेस्ट बना लें। आधा से एक घंटा इसे बालों पर लगाएं। फिर बालों को धो लें।

## रॉयल लुक के लिए अपने कलेक्शन में शामिल करें इन रंगों के कपड़े



जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है।



अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो ये लेख आपके लिए है। आपको बताएंगे, किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा।

दरअसल, कुछ रंग ऐसे होते हैं, जो देखने में ही काफी क्लासी लगते हैं और उन्हें पहनकर लुक काफी रॉयल दिखता है। ऐसे में अगर आप भी रॉयल लुक कैरी करना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में इन रंगों के कपड़ों को जरूर शामिल करें। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

### पेस्टल रंग

इस तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।

### रॉयल ब्लू

ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।

### एमरॉल्ड ग्रीन

हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता है।

## आरामदायक कपड़ों में दिखना है खूबसूरत तो गर्मी के मौसम में पहनें इस तरह के सूट




अप्रैल का महीना लगते ही गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। इस मौसम में लोग अपने खाने-पीने से लेकर पहनावे तक में बदलाव करते हैं। अगर ये बदलाव न किया जाए तो कई तरह की शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं। गर्मी के इस मौसम में लोग ऐसे कपड़े पहनना पसंद करते हैं, जो शरीर को राहत पहुंचाएं। इस मौसम में ज्यादातर लोग कॉटन, लिनन, और रेयॉन के कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं। इन कपड़ों को पहनने के बाद आपको किसी तरह की परेशानी नहीं होती है। लड़के तो गर्मी के अनुसार टीशर्ट और जींस पहन लेते हैं, लेकिन लड़कियों को कपड़े पहनने से पहले कई बार सोचना पड़ता है। अगर आपको सूट पहनना पसंद है, तो हम आपको सूट के कुछ ऐसे डिजाइन दिखाने जा रहे हैं, जो गर्मी के मौसम के लिए परफेक्ट हैं। इस तरह के सूट पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहेंगी और आपका स्टाइल भी खूबसूरत दिखेगा।

गर्मी के इस मौसम में अगर आप इस तरह की शिफॉन का अनारकली सूट पहनेंगी, तो आपका लुक बेहद खूबसूरत लगेगा।

## पसीने में बदबू से परेशान हैं तो नहाने के पानी में मिलाए इसे

अगर आपके शरीर से भी पसीने की तेज गंध आती है, तो अपने नहाने के पानी में आप रसोई में मौजूद इन चीजों को मिक्स कर सकती हैं। इससे आपको बहुत फायदा मिलेगा।



### नींबू के छिलके आएंगे काम

नींबू की सुगंध पसीने की दुर्गंध को कम कर सकती हैं। इसके लिए आप नींबू का रस पानी में मिक्स कर सकती है या आप नींबू के छिलकों को पानी में भिगोकर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। नींबू न हो तो आप लेमन एसेंशियल ऑयल की 5 बूंदें पानी में डालकर उससे भी नहा सकती हैं। इस उपाय को नियमित अपनाने पर आपको बहुत फायदा मिलेगा।

### मोगरे के फूल से मिलेगी मदद

मोगरे के फूल की खुशबू के आगे कोई सुगंध या दुर्गंध नहीं टिक पाती है। ऐसे में आप नहाने के पानी में 2 मोगरे के फूल भी डाल देती हैं, तो पूरे पानी से खुशबू आने लग जाती है। आप रात में सोने से पहले फूल को नहाने के पानी में डाल दें और सुबह उठकर उसी पानी से नहा लें। ऐसा नियमित करेंगी, तो शरीर से पसीने की बदबू आना बंद हो जाएगी।

### संतरे का छिलका डालें

नहाने के पानी में आप संतरे का छिलका यदि डाल देती हैं, तब भी पानी में संतरे जैसी महक आने लग जाती है और आप इस पानी से जब नहाती हैं, तो शरीर से जो दुर्गंध आ रही है, वह दूर हो जाती है।

### कार्नर न्यूज

### बिना सोचे-समझे बालों में रिबॉंडिंग कराना होता है गलत, पहले करें विचार

## बालों में रिबॉन्डिंग कराना चाहते हैं तो पहले इन बातों को जान लें, मिलेगा बेस्ट रिजल्ट

पुरुष भी अब रिबॉन्डिंग कराते हैं और कई दफा बिना सोचे-समझे भी करा लेते हैं। लेकिन रिबॉन्डिंग एक ऐसा ट्रीटमेंट है जिसको कराने से पहले हेयर केयर टिप्स जरूर आजमा लेने चाहिए।

इन टिप्स के बिना रिबॉन्डिंग का बालों पर असर अच्छा नहीं होगा और इस महंगे ट्रीटमेंट को कराकर आप सिर्फ पछताएंगे ही। इसलिए रिबॉन्डिंग कराने से पहले इन कुछ बातों को ध्यान कर लीजिए।

### नुकसान के लिए रहो तैयार

रिबॉन्डिंग के बाद बाल सीधे और फ्रिज फ्री हो जाते हैं। लेकिन इस ट्रीटमेंट के नुकसान भी हो सकते हैं। इससे बाल कमजोर हो सकते हैं। इसलिए एक्सपर्ट की राय के बाद ही इस ट्रीटमेंट के लिए आगे बढ़ें।

### टच अप हो जाता है जरूरी

रिबॉन्डिंग में बाल हमेशा ही सीधे रहते हैं, ऐसा एक्सपर्ट कहते हैं और ये सही भी है लेकिन। ये बात नए निकले बालों के लिए सही नहीं है।

नए निकलने वाले बालों के लिए आपको टच अप कराना होगा जो आपके बालों को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसलिए सोच समझ कर ही ये ट्रीटमेंट लें.



### महंगे प्रोडक्ट पर खर्चा

रिबॉन्डिंग से होने वाले नुकसान से बचने के लिए ही महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। इन महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने के लिए खूब खर्चा करना होगा। इसके लिए भी तैयार रहिए।

### 72 घंटे वाला नियम

रिबॉन्डिंग कराने के बाद 72 घंटे वाला नियम भी लागू हो जाता है। दरअसल ट्रीटमेंट को बालों पर अच्छे से असर करने के लिए अगले 72 घंटे बालों को धोना नहीं होता है। ये बहुत जरूरी नियम है।



### हीट ट्रीटमेंट से रहें दूर

रिबॉन्डिंग के बाद आपको किसी भी तरह के हीट ट्रीटमेंट से दूर रहना होगा। अगर आप ड्रायर या स्ट्रेटनर इस्तेमाल करते हैं तो इन्हें बंद करना होगा, क्योंकि इससे बालों को ज्यादा नुकसान होगा।

